मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशितः भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज

भोपाल
मंगलवार 15 अप्रैल 2025

■ वर्षः 30 ■ अंकः 108
■ पेजः 8 ■ मूल्यः 1.50/- रुपए

## राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापित

**अयोध्या, ईएमएस।** अयोध्या में सोमवार सुबह राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश की स्थापना की गई। कलश की पहले पूजा की गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ इसे मुख्य शिखर पर रखा गया। परकोटे और सप्त ऋषि मंदिरों की मूर्तियां आज जयपुर से अयोध्या पहुंच सकती हैं। राम मंदिर परिसर में लगने वाली सभी मूर्तियां 30 अप्रैल तक मंदिरों में रख दी जाएंगी। राम मंदिर की सुरक्षा के लिए 4 कि.मी. लंबी दीवार बनाने का काम शुरू होगा। डेढ़ साल में ये दीवार बनकर तैयार होगी। राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि इंजीनियर इंडिया लिमिटेड राम मंदिर की सुरक्षा दीवार बनाएगी।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन हुआ

### सुरक्षा के लिए बनेगी 4 किमी लंबी दीवार

## चुपके-चुपके

### आखिर कब उतरेगा प्रभार का भार

प्रदेश में सरकार किस्तों में आईएएस अधिकारियों के तबादले कर रही है। लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों पर लदा हुआ प्रभार का भार नहीं उतारा जा रहा है। रविवार को सरकार ने एक छोटी सी तबादला सूची जारी की, यह सूची कई सवाल खड़े कर गई। खबरची का कहना है कि सबको उम्मीद थी कि प्रदेश के सीनियर आईएएस जिन पर कई-कई विभागों का प्रभार है, उन्हें सरकार राहत देगी, लेकिन उनकी मंशा पर पानी फिर गया है। उधर, सूत्रों का कहना है कि कई बड़े विभाग जो प्रभार पर चल रहे हैं, उनको लेकिन सहमति नहीं बन पा रही है कि किसे उक्त विभाग की जिम्मेदारी दी जाए। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि दिल्ली की सहमति के कारण सूची अटकी हुई है।

-खबरची

## पीएनबी घोटाले का आरोपी मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

भारत की प्रत्यर्पण अपील के बाद एक्शन



**ब्रुसेल्स, ईएमएस।** पंजाब नेशनल बैंक से लोन धोखाधड़ी मामले में आरोपी भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को पुलिस ने बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को उसकी गिरफ्तारी हुई, फिलहाल वह जेल में है। भारत ने बेल्जियम के साथ चोकसी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस ने चोकसी को गिरफ्तार करते समय दो गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया। ये मुंबई की एक अदालत ने जारी किए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि वारंट 23 मई 2018 और 15 जून 2021 के थे। ऐसा माना जा रहा है कि चोकसी अपनी खराब सेहत का हवाला देते हुए जमानत और तत्काल रिहाई की मांग कर सकता है। बेल्जियम में गिरफ्तारी के बाद मेहुल चोकसी ने अपने खराब सेहत का हवाला देते हुए कोर्ट में जमानत मांगी है।

### स्विट्जरलैंड भागने की तैयारी कर रहा था चोकसी

चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपए का घोटाला करने का आरोप है। पिछले महीने खुलासा हुआ था कि मेहुल चोकसी बेल्जियम में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेहुल पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा है, जिन्हें बेल्जियम की नागरिकता मिली है। बेल्जियम के विदेश मंत्रालय ने ही चोकसी की मौजूदगी की जानकारी दी थी। सूत्रों के मुताबिक, मेहुल चोकसी बेल्जियम से स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश कर रहा था।

## इस साल 1.30 लाख तक जा सकता है सोना

### गोल्डमैन ने अमेरिका में मंदी की आशंका के कारण बढ़ाया अनुमान



**नई दिल्ली, ईएमएस।** विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण सोना इस साल 4,500 डॉलर प्रति औंस (1.30 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम) तक जा सकता है। हालांकि ऐसा तभी होगा जब ट्रेड वॉर और मंदी की रिस्क एक्सट्रीम लेवल पर पहुंच जाएगी।

हालांकि, गोल्डमैन सैक्स ने 2025 के अंत तक सोने की कीमत का लक्ष्य बढ़ाकर 3,700 डॉलर प्रति औंस (करीब 1.10 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम) कर दिया है, जो इस साल की तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले मार्च में गोल्डमैन सैक्स ने ने 2025 के लिए सोने की कीमत का लक्ष्य बढ़ाकर 3,300 डॉलर प्रति औंस कर दिया था। इन्वेस्टमेंट बैंक के अनुसार अमेरिका-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर के कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर मंदी की चिंता बढ़ गई है। इस कारण मंदी से बचाव के लिए सोने की मांग बढ़ गई है। इसके अलावा फिजीकल गोल्ड और एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड दोनों में सोने की मांग मजबूत रही है। सोना अभी अपने रिकॉर्ड हाई पर है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 93,353 पर पहुंच गया है। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 17,191 रुपए यानी 22.57 प्रतिशत बढ़कर 93,353 रुपए प्रति 10 ग्राम बिक रहा है।

दलित वोट बैंक पर राजनीतिक दलों की नजर...दलित महापुरुष की विरासत पर राजनीतिक पार्टियों का अपना-अपना दावा...मल्लिकार्जुन खड़गे का दावा सेंट्रल हॉल में डॉ अंबेडकर की पुष्पांजलि में नहीं पहुंचे पीएम मोदी...

# अंबेडकर जयंती...राजनीति चरम पर

● **नई दिल्ली/भोपाल/रायपुर, ईएमएस**

संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को पूरे देश में मनाई गई। हर राज्य में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गईव। इसके अलावे केंद्र सरकार से लेकर कई राज्यों की सरकार ने अंबेडकर जयंती पर विशेष ऐलान भी किए हैं। वहीं दलित वोट बैंक को साधन के लिए राजनीतिक दलों ने दलित महापुरुष की विरासत पर अपना-अपना दावा ठोका। वहीं अंबेडकर जयंती पर राजनीति चरम पर रही। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि सेंट्रल हॉल में डॉ. अंबेडकर की पुष्पांजलि में पीएम नरेंद्र मोदी नहीं पहुंचे, वहीं मोदी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला।

अंबेडकर की विरासत को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी पार्टियों के बीच टकराव के बाद इस वर्ष अंबेडकर जयंती समारोह का महत्व और भी बढ़ गया है। इस बीच, राजनीतिक दलों ने कई कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की है। मप्र में मुख्य आयोजन डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जन्म स्थली महू में हुआ। वहां सीएम डॉ. मोहन यादव, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। इस दौरान सियासी वार भी किए गए।

### दलित, वंचितों की आज दूसरी दीवाली: पीएम मोदी

पीएम मोदी बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती के मौके पर हरियाणा के हिसार में हैं। जहां पीएम मोदी ने हिसार से अयोध्या के लिए कमर्शियल फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई और हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी। संविधान निर्माता बाबा साहेब की जयंती के मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि आज दलित, पीड़ित, वंचितों की आज दूसरी दीवाली है। वहीं पीएम मोदी ने बाबा साहेब को लेकर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि हमें ये भूलना नहीं है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ क्या किया, जब तक बाबा साहेब जीवित थे। कांग्रेस ने उन्हें अपमानित किया। दो-दो बार उन्हें चुनाव हरवाया। कांग्रेस ने उनकी याद तक मिटाने की कोशिश की। कांग्रेस ने बाबा साहेब के विचारों को भी हमेशा के लिए खत्म कर देना चाहा। डॉ अंबेडकर संविधान के संरक्षक थे, लेकिन कांग्रेस संविधान की भक्षक बन गई है।



### शाह ने संसद में किया बाबासाहेब का अपमानः पटवारी

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने संसद में बाबासाहेब का अपमान किया है। 13 तारीख को शाह भोपाल आए लेकिन माफी मांगने बाबासाहेब की जन्मस्थली नहीं पहुंचे। उन्हें यहां आकर माफी मांगनी थी। पटवारी ने कहा कि कल अमित शाह जी भोपाल में थे, उन्हें यहां आकर नाक रगड़कर माफी मांगनी चाहिए थी। उन्होंने बाबा साहेब का अपमान किया है।

### जिनके लिए समय बदला वे नहीं पहुंचे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर संसद के ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न पहुंचने पर नाराजगी जताई है। सेंट्रल हॉल में ही संविधान अपनाया गया था। खड़गे ने मीडिया से कहा, संसद में बाबासाहेब को श्रद्धांजलि देने के बाद सेंट्रल हॉल में हर बार 11 बजे पुष्पांजलि दी जाती थी, लेकिन इस बार 9 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। फिर भी प्रधानमंत्री जी सेंट्रल हॉल में नहीं पहुंच सके। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सेंट्रल हॉल में बाबासाहेब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित न किए जाने पर कांग्रेस ने उनको घेरा और हरियाणा के हिसार में एक कार्यक्रम के लिए चले जाने पर निशाना साधा है।

### कांग्रेस ने अंबेडकर को चुनाव नहीं जीतने दिया: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महू में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने बाबासहब के योगदान को नकारा। उन्हें लोकसभा चुनाव नहीं जीतने दिया। कांग्रेस इसके लिए क्षमा मांगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब ने समूचे समाज को आरक्षण जैसी व्यवस्था प्रदान की। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित हर वर्ग को साक्षरता का लाभ मिल रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। भविष्य में जब-जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्ति करण का ध्यान रखेंगे। डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक सशक्ति करण के लिए मजबूत संविधान बनाया और देश को लोकतंत्र दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. अम्बेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में मान्यता दी।

## नीमच में लाठी-डंडे से तीन जैन मुनियों पर हमला

### हनुमान मंदिर में रुके थे, घटना के विरोध में शहर बंद, राजस्थान के 6 आरोपी गिरफ्तार

**जावद, ईएमएस।** नीमच जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र में तीन जैन मुनियों पर छह बदमाशों ने हमला कर दिया। जैन मुनि विश्राम करने रविवार रात सिंगोली मार्ग स्थित हनुमान मंदिर में रुके थे। रात करीब 12 बजे आरोपियों ने लूट के इरादे से लाठी और धारदार हथियार से हमला किया।

घटना के बाद दो बदमाशों को तो लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया। हमले में घायल मुनियों ने अस्पताल जाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद सभी को जैन स्थानक भवन में रखा गया है। घटना के बाद जैन समाज की ओर से नगर बंद का आह्वान किया गया है। वहीं, पुलिस ने 6 आरोपियों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के रहने वाले हैं। सिंगोली थाना टीआई भूरा लाल भाभर ने बताया कि जैन संत शैलेष मुनि जी, बलभद्र मुनि जी और मुनींद्र मुनि जी विहार पर हैं। वे सिंगोली से नीमच जा रहे थे। रविवार-सोमवार की रात वे कछाला गांव के पास हनुमान मंदिर में विश्राम के लिए रुके थे। इसी दौरान तीन बाइक से कुछ बदमाश वहां पहुंचे। पहले उन्होंने मंदिर के सामने बैठकर शराब पी। उन्हें जैन मुनि मंदिर में दिखे तो पास जाकर उनसे रुपए मांगने लगे। जब मुनियों ने मना किया, तो मारपीट शुरू कर दी।



### अस्पताल में जैन मुनियों ने नहीं ली दवा

घायल जैन मुनियों को सिंगोली अस्पताल ले जाया गया। जैन परंपरा के अनुसार रात में इलाज नहीं किया जाता, इसलिए घायल मुनियों ने रात में दवा नहीं ली। इलाज नहीं करवाने पर भी वे अड़े रहे। सोमवार सुबह जैन स्थानक भवन में इलाज शुरू किया गया। सूचना पर रात में ही एसपी अंकित जायसवाल भी मौके पर पहुंच गए। एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है।

### घटना पर स्थानीय गांव वालों का फूटा गुस्सा

कछाला गांव के बालाजी मंदिर में जैन मुनियों पर हमला करने वाले लोगों के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में वे सिंगोली थाना पहुंचे और प्रदर्शन किया। गांववालों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि इस घटना से गांव बदनाम हो रहा है। इस मामले में नीमच एसपी अंकित जायसवाल का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने जैन मुनि महाराज के साथ मारपीट की है।

## फटाफट खबरें

### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, ईएमएस।** मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और 21 लाख रुपए कैश मिले है। अधिकारी ने बताया कि एक उग्रवादी के ठिकाने पर छापेमारी में पुलिस ने एक एसएमजी कार्बाइन, एक 9 एमएम पिस्तौल, चार मैगजीन, एक हथगोला, 66 स्नाइपर राउंड और 69,000 रुपए नकद जब्त किए। पुलिस ने बताया कि वह इंफाल और उसके आसपास के इलाकों में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था।

### पुंछ में ब्लास्ट, एक अग्निवीर घायल

**जम्मू, ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार रात को एक लैंडमाइन विस्फोट में सेना का एक जवान घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, सेना की रूटीन पेट्रोलिंग के दौरान अग्निवीर विनोद कुमार एस गलती से लैंडमाइन पर पैर रख बैठे, जिससे धमाका हो गया। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। घायल जवान को तुरंत इलाज के लिए 150 जीएच राजौरी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि यह क्षेत्र संवेदनशील है और यहां पहले से ही लैंडमाइंस बिछाई गई हैं।

### सलमान को एक बार फिर दी गई धमकी

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को फिर एक बार जान से मारने की धमकी मिली है। मुंबई के वर्ली स्थित ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट में अज्ञात शख्स ने वॉट्सऐप मैसेज कर सलमान खान की कार को बम से उड़ाने की बात कही। रविवार देर रात भेजे गए इस मैसेज में लिखा है- हम सलमान खान को घर में घुसकर मारेंगे। मुंबई की वर्ली पुलिस अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(2)(3) के तहत शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अब बंगाल के दक्षिण 24 परगना में भड़की हिंसा

पुलिस से भिड़े आईएसएफ कार्यकर्ता तोड़-फोड़ की

**कोलकाता, ईएमएस।** पश्चिम बंगाल के भांगर इलाके में हिंसा हुई है। स्थिति उस वक्त तनावपूर्ण बन गई जब आईएसएफ के समर्थकों को कोलकाता की ओर मार्च करने से रोक दिया गया। पुलिस द्वारा रास्ता रोके जाने पर प्रदर्शनकारी उग्र हो गए, जिसके बाद पुलिस और समर्थकों के बीच झड़प हो गई। हालात काबू में लाने के लिए पुलिस को बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा। वीडियो में पुलिस की एक गाड़ी क्षतिग्रस्त नजर आ रही है और कई दोपहिया वाहन जलते हुए दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ कोलकाता में प्रदर्शन के लिए आ रहे इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थकों से भरी बसों को रास्ते में ही रोक दिया गया था।



## पहली बार 6 महिलाएं अंतरिक्ष की सैर कर लौटीं

**टेक्सास, ईएमएस।** मशहूर हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी, अमेरिकी बिलिनेयर जेफ बेजोस की मंगेतर लॉरेन सांचेज की अंतरिक्ष की सैर वापस लौट आई हैं। उनका स्पेस मिशन शाम 7 बजकर 2 मिनट पर लॉन्च हुआ और 7 बजकर 13 मिनट पर वापस लौटा। इस यात्रा में उनके साथ चार और महिलाएं भी गई थीं। इनमें टीवी प्रजेंटर गेल किंग, मानवाधिकार कार्यकर्ता अमांडा गुयेन, फिल्म निर्माता केरियन फ्लिन और नासा की पूर्व रॉकेट साइंटिस्ट आइशा बोवे शामिल हैं।

16 को सामूहिक विवाह समारोह में करेंगे 23वीं किस्त का वितरण

## मंडला में सीएम करेंगे लाड़ली बहना योजना का भुगतान



**मंडला, ईएमएस।** मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 अप्रैल को मंडला जिले का दौरा करेंगे। वे ग्राम टिकरवारा में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

मंडला विधायक और पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने इस कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसी कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 23वीं किस्त का वितरण करेंगे। मंत्री उइके ने कहा कि आमतौर पर यह राशि हर महीने 5 या 10 तारीख को ट्रांसफर की जाती है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण भी करेंगे। मंडला में आयोजित इस बड़े कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना की राशि प्रदेश की सभी लाभार्थी बहनों के खातों में भेजी जाएगी।

## आतंकी तहव्वुर से रोजाना हो रही 10 घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली, ईएमएस।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को चौथे दिन पूछताछ की। मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय के नेतृत्व में एनआईए के अधिकारियों की एक टीम राणा से रोज 8 से 10 घंटे तक पूछताछ कर रही है। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान राणा सहयोग भी कर रहा है। पिछले 4 दिन में राणा ने केवल तीन चीजें मांगी हैं - एक कलम, कागज या नोटपैड और कुरान। ये तीनों उसे दिए गए हैं। हालांकि उसने अभी तक किसी खास तरह के खाने की मांग नहीं की है।

सरकार का भरेगा खजाना...

## आरबीआई देगा 2.5 लाख करोड़!



**नई दिल्ली, ईएमएस।** केंद्र सरकार का भारतीय रिजर्व बैंक से बड़ी रकम मिलने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में रिजर्व बैंक सरकार को सरप्लस अमाउंट ट्रांसफर करेगा। इसकी रकम 2.5 लाख करोड़ रुपये या उससे भी ज्यादा हो सकती है।

यह अमाउंट पिछले वित्त वर्ष में दिए गए डिविडेंड की तुलना में ज्यादा होगा। ये रकम वित्त वर्ष 2026 के बजट अनुमान से भी ज्यादा हो सकती है। डिविडेंड यानी लाभांश कंपनी के मुनाफे का एक हिस्सा है, जो शेयरधारकों को भुगतान किया जाता है। यह नकद, नकद समतुल्य, शेयर वगैरह के रूप में हो सकता है। अगर आरबीआई इतना डेविडेंड सरकार को ट्रांसफर करता है तो देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार को ज्यादा कर्ज लेने की आवश्यकता नहीं होगी। सरकार के कर्ज का हिसाब आरबीआई के पास ही होता है। आरबीआई मई के आखिरी में सरकार को बताएगा कि वो वित्त वर्ष 2025 के लिए कितना सरप्लस पैसा ट्रांसफर करेगा। पिछले साल आरबीआई ने 2.1 लाख करोड़ रुपये दिये थे।

## मार्च में रिटेल महंगाई बढ़कर 4 प्रतिशत पहुंच सकती है

**नई दिल्ली, ईएमएस।** मार्च में रिटेल महंगाई दर बढ़कर 3.8 प्रतिशत-4 प्रतिशत पर जा सकती है। इससे एक महीने पहले फरवरी में महंगाई 7 महीने के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर आ गई थी। वहीं जनवरी 2025 में महंगाई 4.31 प्रतिशत थी। सांख्यिकी मंत्रालय मंगलवार 15 अप्रैल को महंगाई के आंकड़े जारी करेगा।

सब्जियों की कीमतों में मिलाजुला रुख है, जबकि सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यानी, खाने-पीने की महंगाई स्थिर रहने की उम्मीद है, लेकिन अन्य चीजों की महंगाई थोड़ी बढ़ सकती है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है।

## अमेरिका जाने का हजारों भारतीयों का सपना धूमिल

ट्रंप प्रशासन ने ईबी-5 अनारक्षित वीजा श्रेणी में की कटौती

**वॉशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिका में आव्रजन नीतियों के चलते पहले से ही अप्रवासी भारतीयों की चिंता पहले से ही बढ़ी हुई है। अब ट्रंप प्रशासन ने हजारों भारतीयों के अमेरिका जाने और ग्रीन कार्ड पाने के सपने को तोड़ दिया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने मई 2025 के लिए जारी किए गए वीजा बुलेटिन में भारतीयों के लिए ईबी 5 वीजा श्रेणी में कटौती की है। विदेश विभाग ने अनारक्षित वीजा श्रेणी आवेदनों की वेटिंग कट ऑफ एक मई 2019 कर दी है। पहले यह एक नवंबर 2019 थी। अब एक मई 2019 के बाद ईबी 5 वीजा के लिए आवेदन करने वालों को लंबा इंतजार करना होगा। बुलेटिन में कहा गया है कि ईबी-5 अनारक्षित वीजा श्रेणियों में भारत द्वारा उच्च मांग और संख्या के उपयोग, शेष विश्व में बढ़ती मांग और संख्या के उपयोग के कारण वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक सीमा के अंतर्गत संख्या के उपयोग को अधिकतम सीमा के भीतर रखने के लिए भारत की अंतिम कार्रवाई तिथि को और पीछे करना आवश्यक हो गया है।

## आज का कार्टून




चीन ने कीमती मेटल्स की सप्लाई रोकी

## गाड़ी, हथियार, एयरक्राफ्ट महंगे होंगे

**वॉशिंगटन, ईएमएस।** चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए हैं।



ये मटेरियल ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस बिजनेस के लिए बेहद अहम हैं। इस फैसले से दुनियाभर में मोटरव्हीकल, एयरक्राफ्ट, सेमीकंडक्टर और हथियार बनाने वाली कंपनियों पर असर पड़ेगा। ये महंगे हो जाएगा। चीन ने 4 अप्रैल को इन 7 कीमती धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था।

### अमेरिका इलेक्ट्रॉनिक सामान पर अलग से टैरिफ लगाएगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट्स को जैसे को तैसा टैरिफ से छूट दी गई है, लेकिन यह कुछ ही समय के लिए है। उन्होंने सेमीकंडक्टर सेक्टर और पूरी इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन की जांच शुरू करने का ऐलान किया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इन इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से टैरिफ लगाया जाएगा।

सरकार ने जारी की नई गाइडलाइन... ऑटोमैटिक कैमरों से की जाएगी ट्रैफिक नियमों की निगरानी

# अब ट्रैफिक नियम तोड़ने पर चालान वीडियो सबूत से होगा

### ट्रैफिक चालान के लिए अब 10 सेकंड तक का वीडियो होगा रिकॉर्ड

● **नई दिल्ली, ईएमएस**

अब ट्रैफिक नियम तोड़ने पर चालान सिर्फ फोटो से नहीं, बल्कि वीडियो सबूत से होगा। केंद्र सरकार ने एक नया स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी किया है, जिसके तहत ट्रैफिक नियमों की निगरानी ऑटोमैटिक कैमरों से की जाएगी।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह एसओपी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया है, जिसका मकसद सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और ट्रैफिक सिस्टम को ज्यादा सख्त और पारदर्शी बनाना है। एसओपी में वीडियो साक्ष्य रिकॉर्ड करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है, यहां तक कि 200 किमी प्रति घंटा तक की रफ्तार पर भी। ताकि ध्यान भटकने और गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम किया जा सके। यह पहल सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के जवाब में की गई है जिसमें 23 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के कार्यान्वयन पर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है।

### कौन-कौन से नियमों पर होगी नजर

एसओपी के अनुसार, ऑटोमेटेड कैमरा प्रवर्तन प्रणाली ट्रैफिक उल्लंघनों की निगरानी के लिए प्राथमिक तरीका होगा। यह प्रणाली ड्राइवरों और प्रवर्तन एजेंसियों दोनों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत हेलमेट या सीट बेल्ट न पहनना, मोबाइल फोन पर बात करना, रॉन्ग साइड गाड़ी चलाना, और ड्राइव करते हुए खाना या पीना जैसी हरकतों को अब कैमरे में रिकॉर्ड किया जाएगा। यह कैमरे इतनी हाई-टेक होंगे कि 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक भी साफ-साफ वीडियो रिकॉर्ड कर सकेंगे।

### वीडियो सबूत के आधार पर कटेगा चालान

नई एसओपी के मुताबिक, चालान जारी करने के लिए अब कैमरे कम से कम 1 सेकंड और ज्यादा से ज्यादा 10 सेकंड तक की वीडियो रिकॉर्डिंग करेंगे। इसमें गाड़ी का नंबर, लोकेशन, तारीख और समय जैसी सारी जानकारी साफ दिखाई देनी चाहिए, और वो भी बिना किसी ब्लर या धुंधलेपन के। इतना ही नहीं, ये सिस्टम रियल टाइम में काम करेगा। जैसे ही कोई नियम तोड़ा जाएगा, एक सेकंड के अंदर ट्रैफिक डिपार्टमेंट को अलर्ट भेज दिया जाएगा।

### राजस्थान में आज से अदालतों का बदल जाएगा टाइम

**जयपुर, ईएमएस।** राजस्थान की अदालतों में 15 अप्रैल से समय बदल जाएगा। हाईकोर्ट से लेकर प्रदेश की अन्य अदालतों अब सुबह शिफ्ट में चलेगी। हाईकोर्ट में सुबह 8 बजे लेकर दोपहर 1 बजे तक और अधीनस्थ अदालतों में सुबह 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक सुनवाई होगी। सभी अदालतें 27 जून तक सुबह की शिफ्ट में ही काम करेंगी।



### कार पलटी, एक की मौत, 5 घायल

**पीलीभीत, ईएमएस।** यूपी के पीलीभीत में एक सड़क हादसे में श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर पलट गई। हादसे में एक महिला की मृत्यु हो गई और पांच घायल हो गए। हादसा सोमवार सुबह शाहजहांपुर की सीमा के पास हुआ।



## फटाफट खबरें

### खाना मांगा तो पत्नी ने छत से दे दिया धक्का

**सुल्तानपुर, ईएमएस।** यूपी के सुल्तानपुर में एक पत्नी ने अपने पति को छत से धक्का दे दिया, जिससे उसकी जान चली गई। घटना रायबरेली-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अमहट इलाके के कांशीराम कॉलोनी की है। घटना से कॉलोनी में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है और जांच शुरु कर दी है। जानकारी के मुताबिक कांशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 67 में दिलशाद (40) का परिवार रहता है। शनिवार रात दिलशाद ने अपनी पत्नी से खाना मांगा, इसी दौरान दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

### अरब सागर से 300 किलो ड्रग्स जब्त

**अहमदाबाद, ईएमएस।** गुजरात में अरब सागर से 300 किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस ड्रग्स की कीमत 1800 करोड़ रुपए बताई जा रही है। गुजरात एटीएस और इंडियन कोस्ट गार्ड के जॉइंट ऑपरेशन में यह कामयाबी मिली है। इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) ने 12-13 अप्रैल की रात को गुजरात एटीएस के साथ जॉइंट ऑपरेशन में गुजरात तट के पास आईएमबीएल से 1800 करोड़ रुपए की 300 किलोग्राम नशे की खेप जब्त की है। तस्करों ने आईसीजी जहाज को देखते ही प्रतिबंधित सामान समुद्र में फेंक दिया और भाग गए।

### पटाखा फैक्ट्री में धमाका 8 की मौत

**विशाखापत्तनम, ईएमएस।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में एक पटाखा यूनिट में हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। विस्फोट की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। बाद में उन्हें विशाखापत्तनम के किंग जॉर्ज अस्पताल ले जाया गया। उनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय पुलिस, आपातकालीन सेवाओं और दमकल की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। दुर्घटनास्थल का दौरा करने वाली गृह मंत्री वी अनीता ने बताया कि दुर्घटना में दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई।

### मां ने प्रेग्नेंट बेटी की कर दी हत्या

**तिरुपति, ईएमएस।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना ने झकझोर कर रख दिया। एक मां ने अपनी 16 साल की बेटी की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि वह एक अलग जाति के लड़के से प्यार करती थी। मासूम की जिंदगी उसकी अपनी मां के हाथों ही खत्म हो गई। वह महिला समाज के खौफ में इतनी ज्यादा थी कि अपने प्रेग्नेंट लड़की पर भी रहम नहीं किया। डीएसपी बेतापुडी प्रसाद ने बताया कि मां को अपनी बेटी का यह कदम बर्दाश्त नहीं हुआ। गुस्से में उसने अपनी बेटी को अपनी गोद में जबरन बिठाया और उसके नाक-मुंह को अपने हाथों से दबा दिया। मासूम बेटी सांस के लिए तड़पती रही, लेकिन मां का गुस्सा ठंडा नहीं हुआ।

### आंबेडकर जयंती पर संसद भवन परिसर में बाबा साहब को दी गई श्रद्धांजलि

# बाबा साहब का जीवन हम सब के लिए प्रेरणा का स्रोत

### राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी समेत अनेक नेताओं ने किया याद

● नई दिल्ली, ईमएस

संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर संसद भवन परिसर समेत देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ याद किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत प्रमुख नेताओं और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

राजधानी दिल्ली स्थित संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सहित अनेक प्रमुख नेताओं ने बाबासाहेब को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर बौद्ध भिक्षुओं की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण हुआ और नेताओं ने उनसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया। संसद भवन का यह दृश्य आज संविधान की आत्मा और समानता के संदेश से ओतप्रोत रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देशवासियों को संबोधित करते हुए लिखा, कि हमारे संविधान के निर्माता बाबासाहेब भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने आगे कहा, बाबासाहेब ने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए भी अपनी असाधारण प्रतिभा से दुनिया में सम्मान प्राप्त किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने संघर्ष और समर्पण से जो मुकाम हासिल किया, वह आज भी सभी को प्रेरित करता है। वह केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक महान अर्थशास्त्री, शिक्षक, कानूनविद और समाज सुधारक



भी थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पर डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए लिखा, सभी देशवासियों की ओर से भारत रत्न पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। यह उन्हीं की प्रेरणा है कि देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। उनके सिद्धांत और आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देने वाले हैं।सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भर भारत के उनके विचार आज भी हमारे पथप्रदर्शक हैं।

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने भी डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी और कहा कि देश के सभी दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग और अन्य उपेक्षित वर्गों को वास्तव में मिशनरी आंबेडकरवादी बनना होगा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, भारत के संविधान निर्माता को सादर नमन। उनके विचार आज भी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव हैं। मध्यप्रदेश के महू (अब डॉ. अंबेडकर नगर) में 14 अप्रैल 1891 में एक दलित परिवार में जन्मे डॉ. आंबेडकर ने समाज में व्याप्त विषमता और भेदभाव के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने उच्च शिक्षा विदेश में प्राप्त की और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने।

### ये देश चलेगा कैसे बाबा साहेब ने दिखाया: सांसद सुले

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि वे हर साल बाबा साहेब से प्रेरणा लेने आती हैं। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब और उनकी टीम द्वारा बनाया गया संविधान आज भारत को एक मजबूत लोकतंत्र देता है। महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाई, लेकिन यह देश कैसे चलेगा, इसका रास्ता बाबा साहेब ने अपने संविधान के जरिए दिखाया। उनके विचारों से हम आज भी प्रेरणा लेते हैं और आगे बढ़ रहे हैं। सांसद सुले ने सोमवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर भारत रत्न डॉ बाबा साहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। पुणे में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बाबा साहेब के योगदान को याद किया। उन्होंने बाबा साहेब को देश की एकता और लोकतंत्र की नींव रखने वाला महान व्यक्ति त्व बताया।

### न्यूयॉर्क में भी मनी आंबेडकर जयंती

न्यूयॉर्क, (ईएमएस)। अमेरिका की न्यूयॉर्क सिटी में पहली बार डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती आंबेडकर दिवस के रूप में मनाई गई। न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर इसे आधिकारिक रूप दे दिया था। इससे आजाद समाज पार्टी के प्रमुख और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद बेहद खुश नजर आए हैं। उन्होंने इसे अत्यंत गर्व का क्षण बताया। बता दें, डॉ आंबेडकर ने न्यूयॉर्क के कोलंबिया विश्वविद्यालय से ही उच्च शिक्षा प्राप्त की थी। यहीं पर उनके विचारों ने आकार लिया और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में उन्होंने अभूतपूर्व काम किया। चंद्रशेखर आजाद ने अपनी पोस्ट में भी इन्हीं सब बातों का जि किया है। इसके साथ ही एक तस्वीर भी चस्पा की है जिसमें मेयर एडम्स की घोषणा की कॉपी संलग्न की गई है।




काहिरा में पाम संडे पर केव चर्च में भारी तादाद में लोग प्रार्थना के लिए पहुंचे। (फोटो-ईएमएस)

### अफगानिस्तान में बतौर सजा स्टेडियम में मारी 4 को गोली

**काबुल, ईएमएस।** अफगानिस्तान में हत्या के एक मामले में दोषी चार लोगों को मौत की सजा सुनाई गई। इसके कुछ दिनों बाद चारों दोषियों को शुक्रवार को स्टेडियम में गोली मार दी गई और यह 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों को मौत की सजा दी गई है। मानव अधिकार समूहों और संयुक्त राष्ट्र ने इस घटना की निंदा की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने पूर्व में अफगानिस्तान में पश्चिमी कानूनों की जरूरत को खारिज कर दिया था। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने रविवार को एक्स पर एक ऑडियो जारी किया। इसमें अखुंदजादा ने कहा कि हमें अनुशासन और इबादत के काम करने चाहिए। हमें पूरी तरह से इस्लाम अपनाना चाहिए। इस्लाम सिर्फ कुछ रस्मों तक सीमित नहीं है। यह सभी अल्लाह के आदेशों की एक व्यापक व्यवस्था है।

### मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर तृणमूल कांग्रेस का बड़ा दावा...

## बीएसएफ की मदद से रची गई हिंसा की साजिश

**कोलकाता, ईएमएस।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ कानून के खिलाफ हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शनों ने राज्य की राजनीति में हलचल मचा दी है। इस मुद्दे को लेकर जहां भाजपा ने राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोला है, वहीं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने एक बड़ा पलटवार करते हुए इस हिंसा को एक सुनियोजित साजिश करार दिया है।




टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने रविवार को दावा किया कि इस हिंसा के पीछे कुछ केंद्रीय एजेंसियों, बीएसएफ की एक टुकड़ी, और दो-तीन राजनीतिक दलों का हाथ है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीएसएफ की मदद से कुछ उपद्रवी सीमा पार कर पश्चिम बंगाल में दाखिल हुए, अराजकता फैलाई और फिर उन्हें सुरक्षित रास्ता देकर वापस भेजा गया। घोष ने कहा, हमें कुछ इनपुट मिल रहे हैं कि यह सिर्फ स्थानीय असंतोष नहीं था, बल्कि एक बड़ी राजनीतिक और प्रशासनिक साजिश का हिस्सा था। मास्टरमाइंड कौन हैं, यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन इतना तय है कि इस पूरी साजिश का मकसद बंगाल को बदनाम करना और राज्य में साम्प्रदायिक तनाव फैलाना था।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने की शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से विरोध करने की अपील

**कोलकाता, ईएमएस।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने देशभर के मुसलमानों से लागू वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के खिलाफ शांतिपूर्ण और कानूनी सीमाओं में रहकर विरोध करने की अपील की है। बोर्ड ने पश्चिम बंगाल में प्रदर्शनों के दौरान तीन मुस्लिम युवकों की मौत की भी निंदा की और राज्य सरकार से जवाबदेही के साथ ही मुआवजे की भी मांग की।

#### वक्फ एक्ट के विरोध में बंगाल हिंसा में मारे गए युवकों के परिजनों को मुआवजा की मांग

एआईएमपीएलबी ने वक्फ संशोधन अधिनियम की कड़ी आलोचना की है और इसे मस्जिदों, मदरसों और कब्रिस्तानों जैसे मुस्लिम धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थानों की स्वायत्तता के लिए खतरा बताया है। बोर्ड ने कानून को असंवैधानिक और अधिकारों का उल्लंघन बताया है। इसने मुसलमानों से मान्यता प्राप्त संगठनों के नेतृत्व में संरचित और वैध तरीकों से अधिनियम के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह किया है। एआईएमपीएलबी ने समुदाय के सदस्यों को सलाह दी है कि वे उन राज्यों में विरोध प्रदर्शन करने से बचें जहां प्रशासनिक या राजनीतिक माहौल उनके पक्ष में न हो। इसने जोर दिया गया है कि बोर्ड या किसी प्रमुख मुस्लिम निकाय द्वारा बुलाए जाने तक कोई भी प्रदर्शन नहीं किया जाना चाहिए।

### अमेरिका-ईरान की 19 को परमाणु डील पर होगी बातचीत

**मस्कट, ईएमएस।** ओमान के मस्कट में अमेरिका और ईरान के बीच शनिवार को परमाणु कार्यक्रम को लेकर अहम बैठक हुई। इस गुप्त बैठक में अमेरिका की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान की ओर से विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने भाग लिया। ओमान के विदेश मंत्री ने इस बैठक में अहम भूमिका निभाई। दोनों देशों ने 19 अप्रैल को अगली बातचीत पर सहमति जताई है, लेकिन इस कूटनीतिक प्रयास के पीछे की कुछ चौंकाने वाली बातें भी सामने आई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के सबसे बड़े नेता अयातुल्ला अली खामेनेई शुरू में अमेरिका से डील करने के खिलाफ थे, लेकिन ईरानी अधिकारियों ने उन्हें बताया कि अगर अमेरिका के साथ समझौता नहीं किया गया तो ईरान की सरकार का गिरना तय है और परमाणु ठिकानों पर हमला भी निश्चित है। संसद और न्यायपालिका के प्रमुखों ने खामेनेई से अपील की कि अगर अमेरिका और इज़राइल की सैन्य कार्रवाई को टालना है, तो वार्ता ही एकमात्र विकल्प है।

### उत्तराखंड में सिलक्यारा सुरंग खुदाई कार्य पूरा, 16 को समारोह की तैयारी

**उत्तरकाशी, ईएमएस।** उत्तराखंड का उत्तरकाशी जिला प्रशासन सिलक्यारा सुरंग की खुदाई कार्य पूरा होने और नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए बुधवार को समारोह आयोजित कर रहा है। यह अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सिलक्यारा सुरंग के निर्माण के दौरान 2023 में एक हिस्सा ढह गया था और उसमें 41 मजदूर फंस गए थे। इन मजदूरों को 17 दिनों तक चले अभियान के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया था।



मीडिया रिपोर्ट में अधिकारी ने बताया कि सुरंग के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने के लिए केवल दो मीटर की खुदाई और बची है। सुरंग का एक छोर सिलक्यारा मोड़ पर और दूसरा बरकोट पर स्थित है। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी ने बताया कि सुरंग का आखिरी हिस्सा खोदने की तैयारी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि सुरंग के बाहर मंदिर का निर्माण भी पूरा हो गया है। यदि सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ तो सुरंग का निर्माण और मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एक ही दिन 16 अप्रैल को हो सकती है।

### बीजेपी ने ममता से मांगा इस्तीफा तुष्टीकरण का लगाया आरोप

**कोलकाता, ईएमएस।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर राजनीति तेज हो गई है। रविवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर बयानबाजी हुई। बीजेपी की तरफ से इस पूरे मामले में तृणमूल कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए केंद्रीय एजेंसियों से इस घटना की जांच कराने की मांग की तो वहीं टीएमसी ने बीजेपी पर झूठा अभियान और उकसावे की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया।

केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ कानून को लेकर हुई हिंसा में तीन लोगों के मारे जाने के बाद बीजेपी ने कोलकाता में एक रैली का आयोजन किया। इस रैली में बीजेपी के नेताओं ने टीएमसी पर जोरदार हमला करते हुए सीएम ममता बनर्जी के इस्तीफे की हिंसा की जांच केंद्रीय एजेंसियों से कराने की मांग की। केंद्रीय मंत्री और राज्य बीजेपी प्रमुख सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि सीएम ममता बनर्जी को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उनके राज्य में सैंकड़ों हिंदूओं के घरों पर हमला किया गया। हिंदुओं की दुकानों, मकानों को चुन-चुन कर निशाना बनाया।

#### ढाका में मस्जिद बनी चर्चा का विषय दान में मिले करोड़ों रुपए

### नोट गिनने में लगे 400 लोग 28 बोरों में रखा है कैश

**ढाका, ईएमएस।** बांग्लादेश के किशोरगंज जिले में एक मस्जिद फिर चर्चा का विषय बनी गई है। इस मस्जिद में 4 महीनों के अंदर करोड़ों का दान आया है। जहां 28 बोरों में बांग्लादेशी रुपयों को भरा गया है। इसे गिनने के लिए 400 लोगों की टीम लगाई गई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक किशोरगंज के उपायुक्त और मस्जिद प्रबंधन समिति की अध्यक्ष फौजिया खान और एसपी मोहम्मद हसन चौधरी की उपस्थिति में मस्जिद की दान पेटियां खोली गईं। मस्जिद प्रबंधन समिति की अध्यक्ष फौजिया खान ने बताया कि इस बार 11 दान पेटियां खोली गईं हैं। एकत्र की गई नकदी को गिनती के लिए मस्जिद की दूसरी मंजिल पर लाया गया। मस्जिद में दान की पेटी आमतौर पर हर तीन महीने में खोले जाती है। इस बार इन्हें चार महीने और 12 दिन बाद खोला गया है। वर्तमान में मस्जिद के बैंक खाते में 80.75 करोड़ टका (बांग्लादेशी रुपया) जमा है।

### रुस ने सूमी शहर पर दागी मिसाइल, 34 की मौत

**कीव, ईएमएस।** यूक्रेन के सूमी शहर में रविवार को रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई और 117 घायल हो गए। यह हमला उस समय हुआ जब लोग पाम संडे मना रहे थे। मीडिया रिपोर्ट में यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि यह हमला सुबह करीब 10ः15 बजे दो बैलिस्टिक मिसाइलों के जरिए किया गया।

मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जबकि घायलों में 15 बच्चे हैं। घटना के वीडियो फुटेज में शवों को कम्बलों में लपेटकर सड़क किनारे रखा गया और अग्निशमन दल क्षतिग्रस्त इमारतों से धधकती कारों की आग बुझाते नजर आया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह हमला आम नागरिकों को निशाना बनाकर किया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख ने आरोप लगाया कि रूस ने हमले में क्लस्टर बमों का इस्तेमाल किया, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

## चारधाम यात्रा के लिए अब तक 17 लाख लोगों ने कराया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली, ईएमएस।** चारधाम यात्रा के लिए भक्तों का रिकॉर्ड ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो रहा है। तीर्थ यात्रियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 16,80,955 पहुंच गया है। रविवार को यमुनोत्री धाम में 278085, गंगोत्री 300907, केदारनाथ 572813 और बदरीनाथ धाम के लिए 503991 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण किया गया। हेमकुंड साहिब के लिए अभी तक 25159 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण हुआ है। सबसे ज्यादा 1581733 पंजीकरण श्रद्धालुओं ने वेब पोर्टल के जरिए ही कराया गया। मोबाइल ऐप से 99219 पंजीकरण हुए। 23834 निजी वाहनों ने भी अपना पंजीकरण करा लिया है। 34 कमर्शियल वाहन पंजीकृत हुए हैं। 23922 हेली रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

2024 में 48 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन पिछले साल 2024 में सभी धामों में करीब 48 लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे थे। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। यात्रा से पूर्व आधार प्रमाणित पंजीकरण अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन में सही मोबाईल नम्बर दर्ज कराएं। धामों पर दर्शन को टोकन जरूर प्राप्त किए जाएं। केदारनाथ के कपाट 2 मई को खुलेंगे उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए धामों के कपाट खुलने की तिथि तय की जा चुकी है।

यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल, केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई और बदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुलेंगे। श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खोले जाएंगे। यमुनोत्री पैदल मार्ग पर जिला पंचायत ने घटाया व्यवस्था शुल्क यमुनोत्री पैदल यात्रा मार्ग में यात्रियों को ले जाने के लिए जिला पंचायत ने मजदूरों की मजदूरी में 1000 रुपए का इजाफा कर 2500 के स्थान पर 3500 रुपए कर दी है। तो वहीं प्रति चक्कर जिला पंचायत द्वारा मजदूरों से ली जाने वाले व्यवस्था शुल्क को 100 रुपए कम कर दिया है। प्रदेश में आगामी 30 अप्रैल को यमुनोत्री व गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा शुरु हो जाएगी।

### अमेरिका विमान हादसा: 6 की मौत

**चंडीगढ़, ईएमएस।** अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में एक छोटा विमान हादसे का शिकार हुआ है। दुर्घटना में पंजाब मूल की सर्जन, उनके पति और दो बच्चों सहित 6 लोगों की दर्दनाक मौत हुई है। हादसा कोलंबिया काउंटी एयरपोर्ट पर लैंडिंग से ठीक पहले हुआ। सर्जन की पहचान डॉ. जॉय सैनी के रूप में हुई है, जो एक यूरोगाइनोकॉलेजिस्ट और महिला पेल्विक रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन थीं। उनके साथ पति माइकल ग्रॉफ, बेटी करेना ग्रॉफ, बेटे जैरेड ग्रॉफ और उनके-उनके साथी जेम्स सैंटोरो व अलेक्सिया कुइयुतास डुआर्ते भी विमान में सवार थे। विमान के पायलट सर्जन के पति थे। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) के जांचकर्ता अल्बर्ट निक्सन ने बताया कि विमान मित्सुबिशी एमयू2बी ने न्यूयॉर्क शहर के उपनगर वेस्टचेस्टर एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी और कोलंबिया काउंटी एयरपोर्ट पर लैंड करने वाला था।

### कांग्रेस नेता ने मंगेशकर परिवार को लुटेरों का गिरोह बताया, राजनीति शुरु

**मुंबई, ईएमएस।** महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता और पूर्व मंत्री विजय वडेट्टीवार ने गुरुवार को आरोप लगाया कि मंगेशकर परिवार लुटेरों का गिरोह है, जिसने कभी समाज का कोई भला नहीं किया। कांग्रेस नेता के इस बयान के बाद राजनीति भी शुरु हो गई है। खबर है कि उनके इस बयान को लेकर सियासी विवाद खड़ा हो गया है। टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी समेत अन्य दलों ने आपत्ति दर्ज की है।

वडेट्टीवार ने कहा कि मंगेशकर परिवार मानवता पर कलंक है। वह लुटेरों का गिरोह है। क्या आपने कभी सुना है कि उन्होंने समाज की भलाई के लिए दान दिया हो? सिर्फ इसलिए कि वे अच्छा गाते हैं, उनकी सराहना की जाती है। जिस व्यक्ति ने अस्पताल के लिए जमीन दान की, उसके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया गया। फायदे के लिए धर्मार्थ अस्पताल शुरू करने और गरीबों को लूटने का काम बंद होना चाहिए। वडेट्टीवार की यह टिप्पणी पुणे में एक गर्भवती महिला की मौत से उपजे विवाद के बाद आई है, जिसे शहर के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती करने से कथित तौर पर इनकार कर दिया गया था। भाजपा के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अमित गोरखे के निजी सचिव की पत्नी तनीषा भिसे को कथित तौर पर 10 लाख रुपये की अग्रिम राशि जमा न कर पाने पर दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती करने से मना कर दिया गया था।

### पैसों के लिए मां-बाप को उतारा मौत के घाट

**वॉशिंगटन, ईएमएस।** यहां एक नाबालिग पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का जुनून सवार हो गया। हथियार खरीदने के लिए उसने पैसे जुटाने की कोशिश की, जब सफलता नहीं मिली तो उसने पैसों के लिए अपने ही माता पिता की हत्या कर दी।पुलिस ने बताया कि लड़का चाहता था कि डोनाल्ड ट्रंप को मारने के लिए उसे मां-बाप पैसा दें। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार बनने का बाद से ही वह फ्रस्ट्रेट था। फरवरी में 35 साल की टाटियाना कैसप और 51 साल के डोनाल्ड मेयर के शव उनके घर में ही पाए गए थे। वॉकेशा काऊंटी का रहने वाले निकिता कैसप पर फर्स्ट डिग्री मर्डर का आरोप है।


### पाकिस्तान में बलूच आर्मी के खौफ तले फैसले ले रहा रेलवे

# रात में यहां नहीं चलतीं रेल गाड़ियां

● लाहौर, ईमएस

रविवार की रात को कराची से क्वेटा के लिए रवाना हुई बोलान एक्सप्रेस ट्रेन को जैकबाबाद स्टेशन पर ही रोक लिया गया। इसकी वजह यह थी कि सुरक्षा को लेकर डर था। पाकिस्तान में बलूच विद्रोही संगठन का खौफ ऐसा है कि ट्रेनों का संचालन ही रात के समय बलूचिस्तान में बंद कर दिया गया है।

रेलवे अधिकारियों ने सिंध प्रांत में आने वाले जैकबाबाद के स्टेशन मास्टर को आदेश दिया कि ट्रेन को रोक कर रखा जाए। अधिकारियों का कहना था कि ट्रेन को आगे बढ़ने के लिए सिक्योरिटी क्लियरेंस नहीं मिल रहा है। ऐसे में ट्रेन को सफर पर ले जाना ठीक नहीं रहेगा। हालात ऐसे बन गए कि इस ट्रेन में सवार करीब 150 यात्रियों को जैकबाबाद पर उतार ही लिया गया और उन्हें बसों एवं अन्य वैकल्पिक साधनों से क्वेटा



पहुंचाया गया। पाकिस्तान रेलवे के सीईओ आमिर अली बलोच ने कहा कि बोलान मेल को कई घंटे तक खड़ा रखा गया।

इसकी वजह थी कि आगे बढ़ने के लिए सिक्योरिटी क्लियरेंस ही नहीं मिल पाया। ऐसे में असुरक्षा का रिस्क लेते हुए ट्रेन को आगे बढ़ाना सही नहीं समझा गया। यही नहीं यात्रियों को जिन बसों से रवाना किया गया, उनमें भी कड़ी सुरक्षा थी। सीईओ ने कहा कि रात के समय यह रेल जैकबाबाद पहुंची थी। यदि इसे आगे भेजा जाता तो देर रात में स्द्धड्ढ पहुंचती। इसलिए यात्रियों को सुबह तक इंतजार करने के लिए कहा गया। लेकिन ज्यादातर यात्रियों का कहना था कि वे रुकना नहीं चाहते। ऐसे में उन्हें वैकल्पिक साधनों से पहुंचाया गया। रेलवे का कहना है कि कई यात्रियों को रिफंड किया गया है, जिन्होंने वैकल्पिक साधन नहीं चुना। रेल यात्रियों का कहना है कि यह तो अन्याय जैसा है। रेल यात्री भड़के- सुरक्षा देना किसकी जिम्मेदारी आखिर ट्रेनों को पूरी सुरक्षा क्यों नहीं दी जा रही है। इस तरह रेल सफर को बीच में ही रोकना सरकार और प्रशासन की नाकामी को दिखाता है। फिलहाल जानकारी मिली है कि मंगलवार से बोलान मेल की टाइमिंग ही बदलने की तैयारी है। अब यह ऐसे समय पर गुजरेगी कि बलूचिस्तान में उसे रात का सफर ही न करना पड़े। अब यह ट्रेन दोपहर 3 बजे ही कराची से रवाना हो जाएगी।

### भारत के विरोध के बावजूद पीओके जाएगा अमेरिकी सांसदों का दल

अमेरिकी सांसदों का एक दल पाकिस्तान के दौरे पर पहुंचा है। अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान के असली शासक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से मुलाकात की है। अमेरिका के नेताओं ने कश्मीर में आतंकवाद को भड़काने वाली पाकिस्तानी सेना की आतंक निरोधी अभियान की तारीफ की है। अमेरिकी सांसदों के दल में जैक बेर्गमैन, थॉमस सोउजी और जोनाथन जैक्सन शामिल हैं। इस अमेरिकी दल ने सेना प्रमुख के अलावा गृहमंत्री मोहसिन नकवी से भी मुलाकात की। मुलाकात में जनरल मुनीर ने जो गिफ्ट दिया, उसमें भी कश्मीर लिखा हुआ है। यह अमेरिकी दल पाकिस्तान के इशारे पर पाकिस?तान अधिकृत कश्मीर यानि पीओके के दौरे पर भी जाएगा। वहीं भारत ने अमेरिकी नेताओं की यात्रा का कड़ा विरोध किया है। भारत के विरोध के बावजूद अमेरिकी सांसद पीओके दौरे पर जा रहे हैं।

## रेप की झूठी एफआईआर डीएनए रिपोर्ट से पकड़ाई

**भोपाल(ईएमएस)।** आपसी रंजिश के चलते बलात्कार के बढ़ते हुए फर्जी मामलों के बीच भोपाल की एक विशेष अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 34 वर्षीय राहुल सिंह राजपूत को बलात्कार और जान से मारने की धमकी के झूठे आरोपों से बरी कर दिया है। यह निर्णय विशेष न्यायाधीश नीलू संजीव श्रृंगी ऋषि द्वारा वैज्ञानिक साक्ष्यों, डीएनए रिपोर्ट और अभियोजन पक्ष के विरोधाभासी बयानों के आधार पर दिया गया।



## महापौर मालती राय ने शंकराचार्य नगर में किए श्रद्धा-सुमन अर्पित

**भोपाल(ईएमएस)।** भारत डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर की 135वी जयन्ती के अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय ने शंकराचार्य नगर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ.अम्बेड़कर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और बच्चों में मिष्ठान वितरण भी किया। सोमवार को शंकराचार्य नगर में आयोजित डॉ.भीमराव अम्बेड़कर जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद गीता प्रसाद माली के अलावा स्थानीय रहवासीगण मौजूद थे।



## फटाफट खबरें

### एम्स के जूनियर डॉक्टर पर हमला

**भोपाल(ईएमएस)।** एम्स भोपाल के आपातकालीन विभाग में सोमवार दोपहर एक गंभीर घटना सामने आई, जब एक डॉक्टर के साथ मरीज के परिजनों द्वारा कथित रूप से मारपीट और अभद्रता की गई। यह घटना स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न करती है। घटना उस समय हुई जब डॉक्टर इमरजेंसी विभाग के येलो ट्रायेज क्रिटिकल एरिया में ड्यूटी पर तैनात थे। मरीज संतोष कुमार (उम्र 39 वर्ष) के साथ आए परिजनों ने डॉक्टर के साथ शारीरिक और मौखिक दुर्व्यवहार किया। परिजनों ने न केवल धमकाया, बल्कि हिंसा भी की,डॉक्टर की शर्ट फाड़ दी, चेहरे पर हमला करने की कोशिश की और उनका गला पकड़ लिया।हमलावर को एम्स भोपाल के सुरक्षा गार्डों और तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा तुरंत पकड़ लिया गया।

### युवक की हत्या करने वाले को उम्रकैद

**भोपाल(ईएमएस)।** शहर के निशातपुरा थाना इलाके मे अक्टूबर 2022 को युवक की चाकू गोदकर हत्या करने के मामले में सुनवाई पुरी होने पर कोर्ट ने पॉच में से एक आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा के साथ ही एक हजार रुपए जुर्माने की सजा से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश राजर्षि श्रीवास्तव की कोर्ट ने सुनाते हुए घटना के चार आरोपियो को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड कालोनी करोंद में रहने वाला 25 वर्षीय निमित मर्सकोले प्रायवेट काम करता था। घटना के दिन शाम करीब चार बजे वो अपने घर के पास खड़ा था। आरोप था की तभी मोहल्ले में रहने वाला आशीष उर्फ गोलू अपने चार अन्य साथियो तारिक, तालिब, रेहान, और समीर के साथ वहॉ पहुंचा और धारदार चाकू, डंडे से निमित पर हमला कर दिया। चाकू उसकी जांघ समेत अन्य स्थानों पर लगने से वो गंभीर रुप से घायल हो गया।

### युवती का तीन साल तक किया शोषण

**भोपाल(ईएमएस)।** बागसेवनिया इलाके में एक युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर तीन साल तक अपने साथ रख उसका दैहिक शोषण किया और बीते दिनो उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद मामला थाने जा पहुंचा जहॉ पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ बलात्कार का मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके में रहने वाली 25 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की वह एक मॉल में काम करती है। साल 2022 में उसकी पहचान निजी काम करने वाले वहाले आरोपी लोकेश सिंह ठाकुर से हुई थी। दोनों ही बैतूल जिले के एक ही गांव के रहने वाले हैं।

### नाबालिग किशोर ने फांसी लगाई

**भोपाल (ईएमएस)।** शहर के बजरिया थाना इलाके में 15 साल के किशोर द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने क सनसनीखेज घटना सामने आई है। बताया गया है की आंठवी कक्षा के किशोर का बीते दिनों रिजल्ट आया उसे पता चला कि वह फेल हो गया है। हालंकि पुलिस ने जॉच के बाद ही खुदकुशी का कारण साफ किये जाने की बात कही है। पुलिस ने बताया कि गली नंबर-1, द्वारिका नगर में रहने वाले इंद्रराज सूर्यवंशी हार्डवेयर व्यापारी है। उनके परिवार में प ी के अलावा दो बेटे थे। छोटा बेटा 12 साल का है, जबकि बड़ा बेटा प्रिंस सूर्यवंशी 15 साल का था। उसने आठवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। बीते दिनों रिजल्ट आया और उसे पता चला था, की वह फेल हो गया है।

#### सीन रिक्रेशन करने पर फरियादी आया संदेह के घेरे में

# पड़ोसी से बदला लेने के लिये ऑटो चालक ने रची थी एसिड अटैक की साजिश

### एसिड से नहीं घर में पटाखे जलाने के दौरान आग में झुलसा था चेहरा

**भोपाल(ईएमएस)।**



पिपलानी थाना पुलिस ने इलाके में युवक द्वारा अपने पड़ोसी के खिलाफ दर्ज कराई गई एसिड अटैक जैसी गंभीर घटना का राजफाश कर दिया है। बारीकी से की गई पड़ताल में सामने आया की फरियादी बने युवक ने अपने पडोसी से पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिये एसिड अटैक की साजिश रची थी। थाना प्रभारी पिपलानी अनुराग लाल ने बताया की बीती 4 अप्रैल को सूचना मिली थी, कि हथाईखेडा पुलिया के पास एक लडके के चेहरे पर किसी ने एसिड फेंक दिया है, जिससे उसका चेहरा जल गया है। मौके पर पहुंची पुलिस को लोगो बताया की घायल सूरज शर्मा, निवासी-दौलतपुरा, शमशान घाट के पास, कोकता को इलाज के लिए आनंद नगर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया गया है। अस्पताल पहुंची टीम को घायल सूरज शर्मा ने अपने बयानो में बताया की उसका पड़ोसी मदन विश्वकर्मा अपने साथियों के साथ दो बाइक से आया और उस पर कुछ पदार्थ फेंक कर भाग गया, जिससे उसका मुंह जल गया है। जॉच के दौरान पुलिस ने जब गवाही के लिये सूरज के भाई दीपक से बातचीत की तब उसने बताया कि वह गाय ढूंढने के लिये जंगल में गये थे, उसी दौरान आटो में पड़ोसी मदन विश्वकर्मा आया और उसने उसके भाई पर कुछ फेंक दिया जिससे उसका मुंह जल गया।

दोनो के बयानो में वाहन बाइक और ऑटो आने से पुलिस का माथा ठनक गया। इसके बाद पुलिस ने घटना के सीन का रिक्रिएशन कराया जिसमें फरियादी घटनाक्रम को बताने मे नाकाम रहा। वहीं आरोपी मदन और सूरज की मोबाइल लोकेशन भी अलग-अलग मिल रही थी, इसके साथ ही सीसीटीवी में भी आरोपी आसपास नजर नहीं आ रहा था। यह जानकारी बताने के बाद जब पुलिस ने सूरज को बताया तो वह सकपका गया। वहीं एसिड अटैक में फरियादी का पूरे शरीर मे केवल मुंह जलना भी सदिंग्ध नजर आया क्युंकि एसिड गिरने के बाद किसी भी व्यक्ति के कपडे जलना स्वाभाविक है। संदेह गहराने के बाद पुलिस ने जब सूरज से पूछताछ की वह वह उलझ कर रह गया आखिरकार उसने सारा सच उगल दिया। फरियादी बने सूरज शर्मा ने पुलिस को बताया की उसके पडोसी मदन विश्वकर्मा ने कुछ दिन पहले बिलखिरिया थाने मे उसके पिता गंगाराम एवं भाई दीपक के खिलाफ रिपोर्ट की थी। इसी मामले में राजीनामा करने लिये वह उन पर दबाव बनाना चाहता था, घटना वाले दिन घर मे पटाखे जलाते समय उसका मुंह आग से झुलस गया था। चेहरा जलने पर उसने पड़ोसी का फंसाने के लिये झूटी साजिश रची और बिलखिरिया पुलिस को संदेह न हो इसलिए उसने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करते हुए आनंदनगर मे रिपोर्ट दर्ज कराई।

## मेहंदी लगाने गई थी पत्नि पति ने घर में लगा ली फांसी

**भोपाल(ईएमएस)।** अरेरा हिल्स इलाके में स्थित भीम नगर झुग्गी बस्ती में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय उसकी पत्नी पड़ोस में मेहंदी लगाने गई हुई थी। बताया गया है, कि वह पहले भी फांसी लगाकर आत्महत्या का असफल प्रयास कर चुका था। पुलिस के अनुसार भीम नगर बस्ती में रहने वाला राजेश मरावी पुत्र श्यामलाल मरावी (34) पुताई के ठेके लेता था। उसके परिवार में पत्नी और दो मासूम बेटे हैं। कुछ दिनों बाद राजेश की पत्नी के परिवार में शादी है। इसी के चलते बीती दोपहर उसकी पत्नी पड़ोस में महंदी लगाने गई थी, और उसके दोनों बेटे घर के बाहर खेल रहे थे। इस बीच वह शराब के नशे में घर पहुंचा और अंदर कमरे में जाकर फांसी लगा ली। पत्नी जब मेहंदी लगाकर लौटी तो उसने पति को फंदे पर लटके देखा। उसके शोर की आवाजे सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। राजेश को फंदे से उतारकर जेपी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने चैक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने बताया की चार साल पहले भी राजेश ने फांसी लगाकर खुदकुशी की कोशिश की थी। लेकिन उस समय नजर पड़ने पर उसे फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल ले गए जहॉ उसकी जान बच गई थी।

#### भारत रत्न डॉ. अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर राजधानी में कई कार्यक्रम

## बाबा साहब को किया नमन, उनके बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

**भोपाल,ईएमएस।** देश के संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक और बहुजन समाज के प्रेरणास्रोत डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती



सोमवार को राजधानी भोपाल में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शहर के बोर्ड ऑफिस क्षेत्र में आयोजित भव्य कार्यक्रमों में डॉ. अंबेडकर की पुस्तकों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विचार गोष्ठियां चलीं। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही बड़ी संख्या में आम नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे। बसपा, भाजपा और कांग्रेस समेत कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब को नमन किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बोर्ड आफिस चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री चेतन कश्यप,मंत्री विश्वास सारंग,राज्य मंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, हरिशंकर खटीक, महापौर मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### विशेष अंक का विमोचन

एक विशेष पहल के तहत डॉ. भीमराव अंबेडकर की पत्रकारिता विरासत पर आधारित एक विशेष अंक का विमोचन भी किया गया। स्टॉल संचालक डॉ. अनिल और उनकी टीम ने बताया कि बाबा साहब न केवल एक संविधान निर्माता थे, बल्कि वे एक सशक्त पत्रकार और लेखक भी थे। इस विशेष अंक का उद्देश्य युवाओं को अंबेडकर जी के लेखन और विचारों से परिचित कराना है। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को जीवंत किया।

## पति को बाथरूम में बंद कर पत्नि ने लगा ली फांसी

### पेट दर्द की बीमारी से परेशान रहती थी महिला

**भोपाल(ईएमएस)।** कोलार थाना इलाके में रहने वाली विवाहिता ने रात के समय अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। बताय गयसा है कि रात के समय उसका पति बाथरूम जाने के लिए उठा था, पत्नी ने बाथरूम के दरवाजे की कड़ी बाहर से लगा दी। और पति को बंद करने के बाद फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। थाना पुलिस के अनुसार टूलिप ग्रीन कालोनी कजलीखेड़ा में रहने वाला भानू बंजारे मिस्त्री है, साथ ही वह ठेके लेकर भी काम करता है। उसके परिवार में पत्नि किरण बंजारे (35) सहित दो बच्चे है। इन दिनो भानु इसी कॉलोनी में वह अपने मकान का निर्माण करवाने



के साथ ही निर्माणाधीन मकान में ही परिवार के साथ रहता है। पास में ही उसके दो और भाई भी रहते हैं। शनिवार रात भानु अपनी पत्नी और बच्चो के साथ कमरे में सो रहा था।

रात के समय भानू बाथरूम जाने के लिए उठा, इस दौरान पत्नि किरण की भी नींद खुल गई। पति के बाथरूम के भीतर जाने पर वह उठी और उसने बाथरुम का दरवाजा बंद कर पति को अंदर बंद कर दिया।

## रिपोर्टिंग कर लौट रहे मीडियाकर्मी पर बदमाशों ने किया जानलेवा हमला

**भोपाल(ईएमएस)।** नर्मदापुरम रोड पर कल देर रात रिपोर्टिंग कर लौट रहे मीडियाकर्मी और उनके साथी पर अज्ञात बदमाश घातक हमला कर फरार हो गए। आरोपियों के खिलाफ मामला कायम कर उनकी पहचान जुटाने के लिये पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार विशेष कुमार ने अपनी शिकायत में बताया की वह एक मीडिया हाउस में पत्रकार हैं। बीती रात वह अपने साथी विजय के साथ बाइक पर सवार होकर एमपी नगर से रिपोर्टिंग कर लौट रहे थे। जैसे ही वह पारस हरमिटेज के सामने पहुंचे, तभी नर्मदापुरम रोड पर पहले से घात लगाए बैठे करीब दर्जन भर अज्ञात युवकों ने उनकी बाइक के सामने अपनी बाइक अड़ाकर रोकने की कोशिश की। अचानक हुए घटनक्रम में वह गिरते-गिरते बचे, संभलते हुए जब उन्होनें साइड से जाने का प्रयास किया तब युवको ने उन्हें बाइक से खींचकर नीचे गिराया और चारो और से घेरकर मारपीट करनी शुरु कर दी। एक युवक ने उनके सिर पर चाकू से वार किया वहीं उनके साथी विजय पर डंडे से हमला किया गया। चाकू के वार से विशेष के सिर से खून बहने लगा और वह सेसूध हो गए। हंगामा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे जिन्हे आता देख आरोपी वहॉ से फरार हो गए। बाद में सूचना मिलने पर पहुंचे उनके दोस्तों ने दोनो को इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया। घायल विशेष का आरोप है, कि हमलावरों ने उन पर कातिलाना हमला किया था, लेकिन पुलिस ने हत्या के प्रयास जैसी धारा में मामला कायम नहीं करते हुए साधारण मारपीट की धाराओ में केस दर्ज किया है।

#### श्री आदिश्वर महावीर तीर्थ धाम में जिन प्रतिमाओं की स्थापना

## पिपलानी जैन मंदिर में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान याग मंडल विधान का आयोजन

**भोपाल(ईएमएस)।** समूची जैन समाज के लिए आज का दिन हर्ष उल्हास उत्साह से भरा हुआ था। मुनि प्रमाण सागर महाराज के सासंघ सानिध्य में आकार ले रहा नवीन श्री आदिश्वर महावीर तीर्थ धाम में जिन प्रतिमाओं को स्थापित किया गया। वहीं दूसरी ओर पिपलानी जैन मंदिर में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान मुनि विमल सागर महाराज के सासंघ सानिध्य में याग मंडल विधान का आयोजन किया गया। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया धार्मिक अनुष्ठान के साथ विधि विधान से 25 फीट बनी वेदिका पर लगभग 29 फीट की जिन प्रतिमाओं को विराज मान किया गया, तो श्रद्धालुओं ने



भगवान आदिनाथ महावीर के जयकारों से गूंजाएमान कर दिया। इस तीर्थ धाम का निर्माण न्यायमूर्ति अभय गोहिल परिवार के द्वारा किया जा रहा है। अति शीघ्र ही पंच कल्याणक होंगे। मुनि प्रमाण सागर महाराज ने आशीष वचन में कहा नवीन तीर्थ धाम और जिनालय का निर्माण भारतीय संस्कृति और संस्कारों अनंत -अनंत वर्षो तक सुरक्षित रखेगा। आने वाली पीढ़ी भारतीय दर्शन और अध्यात्म को इससे ही समझेगी। इस अवसर पर परिवार के जस्टिस अभय गोहिल - श्रीमती विजय गोहिल, राकेश गोहिल श्रीमती अनिता गोहिल ,अनुराग गोहिल एडवोकेट - श्रीमती रुचिका गोहिल आर्यमान गोहिल, शरद गोहिल - आभा गोहिल, संजय गोहिल, नितिन गोहिल परिवार के सदस्यों ने पूजा अर्चना की। वहीं दूसरी ओर श्री आदिनाथ जैन मंदिर पिपलानी में 50वां स्वर्ण जयंती समारोह और वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव मुनि विमल सागर महाराज के सासंघ सानिध्य में हो रहा है।

## नीट, जेईई, एसएससी, रेलवे की तैयारी अब होगी आसान

### मौलाना आजाद सेंट्रल लाइब्रेरी में 130 नई किताबें शामिल,14 दिनों के लिए घर ले जा सकेंगे

**भोपाल,ईएमएस।** शासकीय मौलाना आजाद सेंट्रल लाइब्रेरी में मध्यप्रदेश सरकार ने उपलब्ध बजट के तहत 130 नई किताबों का कलेक्शन शामिल किया है। ये किताबें विशेष रूप से नीट, जेईई, एसएससी, रेलवे, व्यापम और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए तैयार की गई हैं।

सरकार का उद्देश्य है कि संसाधनों की कमी के कारण कोई भी युवा शिक्षा से वंचित न रहे। इन नई किताबों की कीमत आमतौर पर अधिक होती है, जिससे कई छात्र इन्हें खरीद नहीं पाते, लेकिन अब यह किताबें लाइब्रेरी में मुफ्त उपलब्ध होंगी। इससे पहले, नीट की नई किताबें लाइब्रेरी में उपलब्ध कराई गई थीं, जिससे कई छात्रों ने प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों की प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की थी। इस साल भी 20 से अधिक छात्र लाइब्रेरी में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। लाइब्रेरी में एसएससी, रेलवे, बैंक, मध्यप्रदेश पुलिस, पटवारी और अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र भी लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं। लाइब्रेरी में सुबह 7:00 बजे से रात 9:30 बजे तक अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। छात्र 600 रुपए की वार्षिक सदस्यता में दो किताबें 14 दिनों के लिए घर ले जा सकते हैं।

#### पोषण पखवाड़ा में आए चौंकाने वाले आंकड़ें

## शिवपुरी, अशोकनगर में आधे से अधिक बच्चे कुपोषित

**भोपाल,ईएमएस।** मप्र में कुपोषण को समाप्त करने के लिए सरकार कई योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है। लेकिन विडंबना यह है कि कुपोषण कम होने की बजाय बढ़ रहा है। पोषण पखवाड़े के दौरान चौंकाने वाले आंकड़ें सामने आए है। उसके अनुसार जहां प्रदेश में 2025 में कम



वजन वाले बच्चों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जबकि इसी अवधि में कम वजन वाले बच्चों की संख्या में 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह दर्शाता है कि राज्य में 0-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में कुपोषण पिछले एक साल में थोड़ा बढ़ा है। वहीं शिवपुरी, अशोकनगर में आधे से अधिक बच्चे कुपोषित पाए गए हैं। पोषण ट्रैकर ऐप के अनुसार, मार्च 2024 में राज्य में कम वजन वाले बच्चों का प्रतिशत 23 था। इस साल मार्च में यह बढक़र 25 प्रतिशत हो गया। इसी अवधि में बौने बच्चों का प्रतिशत 40 प्रतिशत से बढक़र 41 प्रतिशत हो गया। अखिल भारतीय स्तर पर, 2025 में कम वजन वाले बच्चों का प्रतिशत 16 प्रतिशत और बौने बच्चों का प्रतिशत 36 प्रतिशत था। इस प्रकार, प्रदेश में कम वजन वाले बच्चों का प्रतिशत राष्ट्रीय स्तर से 7 प्रतिशत अधिक था और बौने बच्चों का प्रतिशत 16 प्रतिशत अधिक था। राजधानी भोपाल में भी 2025 में 33 प्रतिशत बच्चे बौने और 18 प्रतिशत कम वजन वाले थे।

## सरकारी शादियों का कैलेण्डर आखिरकार जारी

**▸ 30 अप्रैल से 12 मार्च 2026 तक 5 मुहूर्त ही मिले निकाह और विवाह के लिए**

**भोपाल,ईएमएस।** मध्यप्रदेश शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से गरीब तबके की बच्चियों के विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान व निकाह योजना के माध्यम से कराता आया है। आखिरकार सरकारी कैलेण्डर जारी कर तिथियां घोषित कर दी गईं। 30 अप्रैल से लेकर 12 मार्च 2026 तक जहां सामूहिक विवाह के लिए तारीख तय की गई है, वहीं सामूहिक निकाह के लिए 26 अक्टूबर से 18 फरवरी तक तीन दिन तय किए गए हैं। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नवीन दिशानिर्देश जारी करते हुए कन्या विवाह व निकाह योजना की तिथियों का निर्धारण कर वार्षिक कैलेण्डर जारी किया गया है। इन तिथियों पर जिले के स्थानीय ग्रामीण एवं शहरी निकायों में सामूहिक विवाह का आयोजन करवाया जाएगा।

झाबुआ में गरीब तबके वर्ग के 2000 बेटे-बेटियों का विवाह आयोजित करने के बाद जिले से भी उम्मीद लगाई जा रही है कि जल्द ही कोई बड़ा आयोजन कर भोपाल के रहवासियों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

#### जर्जर भवन, शाला बदहाल

## बदहाली से जूझ रहे शासकीय स्कूलों को मरम्मत की दरकार

**भोपाल,ईएमएस।**

प्रदेश में स्कूल शिक्षा के हाल देखने हों तो आपको कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं है। इसके उदाहरण राजधानी भोपाल में ही एक नहीं कई मिल जाएंगे। यहां जर्जर भवन और बदहाल शाला में भविष्य गढ़ा जा रहा है। बदहाली से जूझ रहे शासकीय स्कूलों को मरम्मत की दरकार है। राजधानी में 282 ऐसे मिडिल-प्राइमरी स्कूल हैं, जिनमें मेजर मरम्मत की जरूरत है। अगर बारिश पूर्व इनमें मेंटेनेंस का कार्य नहीं कराया गया तो खतरा पैदा हो सकता है। हालांकि अफसरों का कहना है कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है। इस समस्या से संबंधित प्रस्ताव को एडब्ल्यूपी (एन्युअल वर्क प्लान) यानि वार्षिक कार्य योजना में शामिल किया गया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल भवनों का मजबूत होना जरूरी है, लेकिन भोपाल में 282 स्कूल भवन ऐसे हैं, जहां बैठना पूरी तरह असुरक्षित तो नहीं लेकिन बहुत उपयुक्त भी नहीं कहा जा सकता है। इन स्कूलों की दीवारों में छपाई, पुताई, की जरूरत तो है ही, साथ ही लीकेज-सीपेज से बचाव के लिए भी मरम्मत कराना जरूरी है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे जिले



में ऐसे 282 मिडिल और प्राइमरी शालए चिन्हित की गई हैं। जिनमें मरम्मत की जरूरत है। सबसे अधिक बैरसिया में 175 शालाएं हैं, जहां पर सुधार कार्य कराया जाना है। जबकि 93 प्राथमिक और माध्यमिक शालाएं फंदा ब्लाक में चिन्हित की गई हैं। हालांकि अधिकारी दावा कर रहे हैं कि जुलाई पूर्व इनकी मरम्मत की जाएगी। ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

### 5-10 साल में जर्जर हो गए स्कूल

यह वह स्कूल हैं, जिनका निर्माण वर्ष 2015 से साल 2020 की अवधि में कराया गया है। फिर भी इनकी हालत खराब हो गई है। कहीं पर छतें चटक गई हैं, तो कहीं दीवारों में दरारें बन गई हैं। फर्स उखड़ गये हैं तो दरवाजे भी उपयोगी नहीं रहे हैं। यह सभी मिडिल एवं प्राइमरी शालाएं हैं, जहां इस प्रकार की स्थिति सामने आई है। शिक्षक स्वयं कह रहे हैं कि यदि बारिश पूर्व इन स्कूलों की मरम्मत नहीं कराई गई तो बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। शिक्षकों ने पूर्व के भी उदाहरण गिनाये हैं। इनका कहना है कि समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण स्कूल बारिश के समय में भरभरा कर गिरे हैं जिससे बच्चों को भी चोटें झेलनी पड़ी है। समय पर स्कूलों की मरम्मत न होने का खामियाजा बच्चों को उठाना पड़ा है। चिरायु अस्पताल के सामने निर्मल मीरा मिडिल स्कूल की छत का छज्जा 2011 में गिरा था। यह हादसा उस समय हुआ जब बच्चों की कक्षाएं चल रही थी। इसमें अनेक बच्चों को चोटें आई थीं। इस स्कूल को लोक निर्माण विभाग ने डेड घोषित किया था, लेकिन अभी भी यहां स्कूल चल रहा है। 2014 में बिजली नगर मिडिल शाला का छज्जा भी गिरा था। उस वक्त बच्चे मध्यान्ह भोजन कर रहे थे। जमुनिया कला और गिन्नौरी में इसी प्रकार की समस्या बन चुकी है।

**कार्यालय संचालक,**
**वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, जू भोपाल**
भदभदा रोड, भोपाल-462003
E-mail: dirvvnp.bpl@mp.gov.in, Phone & Fax 0755-2674278
क्रमांक / भंडार / 1259 — भोपाल, दिनांक 11/4/25

**ई-निविदा सूचना**

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान - जू भोपाल में उपलब्ध पेट्रोल चलित मारुति जिप्सी को बैटरी ऑपरेटेड जिप्सी सफारी वाहन में परिवर्तित करने हेतु ऑनलाईन निविदा मान्यता प्राप्त निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से निविदा दस्तावेज अनुसार आमंत्रित किये जाते हैं।

निविदा से संबंधित निविदा दस्तावेज/ प्रपत्र वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज/प्रपत्र का मूल्य राशि रू.500/- (पाँच सौ रूपये मात्र) ऑनलाइन पोर्टल पर Credit Card/ Debit Card/ Internet Banking से भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे।

1. Bid submission start date 23.04.2025 Time 04.00 PM
2. pre-Bid Meeting 05.05.2025 Time 02.00 PM
3. Bid submission closing date 14.05.2025 Time 04.00 PM
4. Bid Opening date 15.05.2025 Time 04.00 PM.

**संचालक**
**वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल**
G-11539/25

### मुख्यमंत्री सामुहिक कन्या विवाह अंतर्गत 201 जोड़ों को विवाह हुआ सम्पन्न

**खरगोन, ईएमएस।** 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जंयती पर जनपद पंचायत कसरावद अंतर्गत कृषि उपज मंडी कसरावद में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 201 जोडो विवाह सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री कन्या विवाह अन्तर्गत वधु के खाते मे शासन द्वारा 49000 की राशि भुगतान की जायेगी।

# विचार मंथन

### सरस्वती विद्या मंदिर खरगोन में विशेष ध्यान शिविर का आयोजन आज

**खरगोन, ईएमएस।** विकासखण्ड के प्राचार्य, प्रधान पाठक एवं शिक्षकों के लिये 15 अप्रैल 2025 को प्रातः 08 बजे से 10 बजे तक 'सरस्वती विद्या मंदिर खरगोन में विशेष ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह सत्र शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य एवं एकाग्रता में वृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



**संपादकीय**

## महंगाई और कर्ज से त्रस्त निम्न एवं मध्यम वर्ग

वर्तमान समय में देश का आम नागरिक, विशेषकर निम्न और मध्यम वर्ग, महंगाई और कर्ज के दोहरे संकट से जूझ रहा है। आज जब एक तोला सोना 90,000 रुपए के पार पहुंच गया है। वहीं आम आदमी की आय और वेतन में उतनी वृद्धि नहीं हुई है। यह आर्थिक असमानता न केवल आम जीवन को कठिन बना रही है। बल्कि सामाजिक और मानसिक तनाव को भी बढ़ा रही है। वर्तमान में मनो रोगियों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। बड़ी संख्या में लोग आत्महत्या करने लगे हैं। यह चिंता का सबसे बड़ा विषय है।

जब-जब महंगाई बढ़ी है, उसके साथ लोगों की आय भी बढ़ती है। पिछले 75 वर्षों कि इतिहास में महंगाई और कमाई के बीच इतना बड़ा अंतर कभी देखने को नहीं मिला। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें पेट्रोल और डीजल में 35 से 40 रुपये प्रति लीटर टेक्स आम जनता से वसूल कर रही है। जिसके कारण खाने-पीने से लेकर हर चीज की कीमतें कई गुना बढ़ गई है। पिछले 10 वर्षों में जीएसटी एवं अन्य टेक्स बढ़ाकर जनता से वसूल किये जा रहे हैं। जिसके कारण आम आदमी महंगाई की मार से कराह रहा है।

आर्थिक मंछी ने बेरोजगारी बढ़ा दी है। करोड़ों पढ़े-लिखे स्नातक परस्नातक युवाओं को पिछले 10 वर्ष से नौकरी नहीं मिल रही है। मनरेगा में भी बजट घटा दिया गया है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है। 78 वर्षों के इतिहास में यह पहली बार देखने को मिल रहा है। 1947 में सोने की कीमत मात्र 88.62 रुपए प्रति तोला थी, तब आम आदमियों का वेतन 15 से 30 रुपए महीना होता था। प्रधानमंत्री, मंत्री, सांसदों, विधायकों का वेतन डेढ़ सौ से ढाई सौ रुपया प्रतिमाह होता था। तुलनात्मक रूप से वेतन से प्रधानमंत्री 300 ग्राम तक सोना खरीद सकते थे। आज प्रधानमंत्री का वेतन लगभग दो लाख रुपए प्रतिमाह है। इस वेतन से वे मात्र 20 ग्राम सोना ही खरीद सकते हैं। बीते सात दशकों में सोने की कीमतों में 1000 गुना से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। जबकि आय में महज 50 से 60 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस विसंगति का सीधा प्रभाव आम लोंगों पर पड़ा है। बढ़ती महंगाई के कारण लोगों की बचत खत्म हो चुकी है। जरूरतें पूरी करने के लिए बैंक और साहूकारों से कर्ज लेना उनकी मजबूरी बन गई है। कई परिवार सोना गिरवी रखकर कर्ज ले रहे हैं, किस्तें चुका पाने में असमर्थ हैं। ऐसी स्थिति में गिरवी रखा हुआ सोना बैंक और वित्तीय संस्थान नीलाम कर रहे हैं। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया होने के कारण, मध्य एवं निम्न वर्ग के परिवार अपने बच्चों की शिक्षा और पोषण जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहे हैं। आर्थिक असंतुलन की यह स्थिति न केवल सामाजिक असुरक्षा और मानसिक तनाव को जन्म दे रही है। देश की उत्पादकता ,विकाश और प्रगति को भी बाधित कर रही है।

सरकार को चाहिए महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए। निम्न व मध्यम वर्ग के लिए वेतन,रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं को मजबूत करे। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के जो अवसर उपलब्ध थे। वैश्विक व्यापार संधि के बाद सरकार ने जो कानून बनाए हैं। जिनके कारण स्थानीय रोजगार खत्म होते चले जा रहे हैं। स्थानीय नौकरी खत्म होती जा रही है। वह पुन स्थापित करने की दिशा में सरकार कार्य करे। स्थानीय रोजगार के नए अवसर पैदा कर लोगों की आय और बेरोजगारी की समस्या से निजात पाया जा सकता है। महंगाई और आय के बीच की यह खाई इसी तरह बढती रही, तो आने वाले समय में सामाजिक असंतोष और आर्थिक अस्थिरता एक बड़ी चुनौती बनेगी। समय की मांग है, केंद्र सरकार, राज्य सरकारें, सभी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन इस दिशा में सामूहिक प्रयास करें। आर्थिक मंदी के इस दौर में जब वैश्विक व्यापार संधि और वैश्विक संस्थाएं अपनी भूमिका सही तरीके से नहीं निभा पा रही हैं। ऐसी स्थिति में हमें अपने रिटेल सेक्टर, आयात और निर्यात व्यापार के लिए अलग से नीतिगत निर्णय लेना होगा। महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्या से निपटना होगा। भारत की आबादी चीन के बराबर है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी भारत में है। यही अवसर भारत की सबसे बड़ी दौलत है। जरूर सही तरीके से इसके इस्तेमाल करने की है।

**– सनत जैन**

## बेहाल वृद्धों के लिए आयोग बनना एक सराहनीय कदम


ललित गर्ग

केरल भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोग स्थापित करने के लिए एक कानून पारित किया है। यह एक सराहनीय एवं स्वागत योग्य पहल होने के बावजूद एक बड़ा सवाल भी खड़ा करती है कि आखिर भारत के बुजुर्ग इतने उपेक्षित एवं प्रताड़ित क्यों है? केरल जैसे शिक्षित राज्य में ही इस आयोग को बनाने की जरूरत क्यों सामने आयी? केरल में क्यों सामाजिक सुरक्षा, स्नेह, सुरक्षा की वह छांव लुप्त होती जा रही है, जिसमें बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। क्यों केरल में ही बुजुर्ग सर्वाधिक अकेलेपन एवं एकाकीपन का संत्रास झेलने को विवश हो रहे है? केरल में कई बुजुर्ग लोगों को युवा पीढ़ी के हाथों गरीबी और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रांत में कई गांव ऐसे हैं जहां केवल बुजुर्ग ही बचे हैं, प्रश्न है कि ऐसा क्यों हो रहा है? यूं तो समूचे देश में बुजुर्गों की लगभग यही स्थिति बन रही है, जो सामाजिक व्यवस्था पर एक बदनुमा दाग है।

केरल योजना बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दक्षिणी राज्य पूरे भारत की तुलना में अधिक तेजी से वृद्ध हो रहा है। 1961 में, केरल में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या कुल जनसंख्या का 5.1 प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय औसत 5.6 प्रतिशत से थोड़ा कम थी। हालांकि, 1980 के दशक तक, राज्य ने बाकी राज्यों को पीछे छोड़ दिया। 2001 तक यह हिस्सा बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 7.5 प्रतिशत था। 2011 में यह 12.6 प्रतिशत था, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.6 प्रतिशत था। केरल के योजना बोर्ड के अनुसार, 2015 में यह बढ़कर 13.1 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.3 प्रतिशत था। अब, दक्षिणी राज्य में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 4.8 मिलियन लोग हैं। इसके अलावा, बुजुर्ग समूह का 15 प्रतिशत 80 वर्ष से अधिक आयु का है, जो इसे बुजुर्ग लोगों के बीच सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला आयु समूह बनाता है। 60 से अधिक आयु वर्ग में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है और उनमें से अधिकांश विधवाएं हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को पारित इस कानून की सराहना करते हुए कहा कि यह नया आयोग बुजुर्गों के अधिकारों, कल्याण और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करेगा।

देश में बुजुर्गों की हालत दिन-ब-दिन जटिल होती जा रही है। केरल देश के सबसे शिक्षित राज्यों में शुमार होता है तो बुजुर्गों के प्रति बरती जा रही उपेक्षा, उदासीनता एवं प्रताड़ना में भी सबसे आगे है। लगभग 94 फीसदी साक्षरता वाले इस राज्य में बुजुर्ग शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास झेल रहे हैं। राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं। खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ में इसी प्रांत के सर्वाधिक युवा है। भले ही इस प्रांत ने सर्वाधिक शिक्षा से प्रगतिशील सोच दी है, लेकिन अंतहीन भौतिक लिप्साओं को भी जगाया है, जिससे ही बुजुर्गों की उपेक्षा या उनको उनके हाल पर छोड़ देने की विकृत मानसिकता एवं त्रासदी उभरी है। वृद्धों की उपेक्षा देशभर में देखने को मिल रही है, हाल के वर्षों में केरल के बाद पंजाब-हरियाणा में भी नजर आ रही है। वैसे तो यह हमारे नीति-नियंताओं की नाकामी का भी परिणाम है कि हम युवाओं को उनकी योग्यता-आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देश में नहीं दे पाए। उन्हें न अपनी जन्मभूमि का सम्मोहन रोकता है और न ही यह फिक्र कि उनके जाने के बाद बुजुर्ग माता-पिता का क्या होगा? एकाकीपन का त्रास झेलते केरल के इन गांवों में बुजुर्गों के पास पैसा तो है मगर समाधान नहीं है। कुछ वृद्धों के पास तो धन का अभाव भी इस समस्या को विकराल रूप दे रहा है। राज्य में वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ने के साथ ही बुजुर्गों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

भारत में बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं उदासीनता एक बढ़ती चिंता का विषय है, उनका एकाकीपन एवं अकेलापन उससे बड़ी समस्या है। केरल के वृद्ध-संकट को महसूस करते हुए वहां की सरकार ने वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है, जो एक सूझबूझभरा कदम है। लेकिन यह वक्त बताएगा कि भ्रष्ट अफसरशाही व घुन लगी व्यवस्था में ये आयोग कितना कारगर होगा? लेकिन फिर भी जिस राज्य में हर पांचवें घर से एक व्यक्ति विदेश चला गया है, वहां ऐसा आयोग एक सीमा तक तो समस्या के समाधान की दिशा में रोशनी बनेगा। जरूरत है सरकारी अधिकारी संवेदनशीलता एवं इंसानियत से बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान करने के लिये आगे आये। केरल की सामाजिक न्याय मंत्री आर. बिंदु के अनुसार आयोग समृद्ध और निम्न आय वाले दोनों ही परिवारों के वृद्ध व्यक्तियों के शोषण की समस्या का महत्वपूर्ण समाधान करेगा। जो वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनकी गरिमा, कल्याण और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ लोगों को अक्सर स्वास्थ्य में गिरावट, अकेलेपन और वित्तीय असुरक्षा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आवश्यक सहायता प्रदान करने से अधिक समावेशी और दयालु समाज बनाने में मदद मिलती है।

**सुविचार**

अपने ह्रदय में उस दिव्य चिंगारी, जिसे अंतरात्मा कहते है, को जिंदा रखने के लिए मेहनत करो।
**– जोर्ज वाशिंगटन**

कुछ भी इतना कठिन नहीं है अगर आप उसे छोटे-छोटे कार्यो में विभाजित कर ले।
**– हेनरी फोर्ड**

**प्रसंग**

## विश्वास कभी न तोड़ें

घनश्याम दास बिड़ला मैट्रिक पास करने के बाद मुम्बई घ आये, जहां उनके परिवार की सोने-चांदी की दुकान थी। अभिभावक यही सोचते थे कि घनश्याम अपना खानदानी धन्धा सँभालेंगे, लेकिन उनकी रूचि कुछ अलग तरह के काम में थी तभी उन्होंने देखा कि कोलकाता से जूट मुम्बई में भेजा जाता है, जिसे व्यापारी यहाँ के बाजार में बेचते हैं। उन्होंने कोलकाता के व्यापारी से सम्पर्क किया। व्यापारी ने इनके द्वारा भेजे कुछ रूपयों के एवज में पूरा सामान भेज दिया। एक सप्ताह बीत गया। व्यापारी को पैसा नहीं गया। वह घबराने लगा। इधर घनश्याम दास ने देखा जूट का दाम बढ़ने वाला है। उन्होंने माल कुछ दिन प्रतीक्षा करने की सोची। तब तक कोलकाता के व्यापारी से सूचना आयी कि पैसा भेज दें। घनश्याम दास के पास पैसा आया नहीं था। फिर भी दूसरे से कर्ज लेकर भेज दिया। जब व्यापारी को यह ज्ञात हुआ कि माल अभी तक बिका नहीं, फिर भी घनश्याम दास ने पैसा भेज दिया, वह अभिभूत हो गया। अब क्या कहना था मात्र घनश्याम आदेश देते और सामान हाजिर। घनश्याम की विश्वसनीयता के गुण ने उन्हें लोकप्रिय बना दिया। धन्य थी उनकी संकल्प - शक्ति।

## कौन है फ़र्ज़ी, कौन है नक़ली, कैसे हो पहचान ?


तनवीर जाफ़री

नक़ली और मिलावटी वस्तुओं यहाँ तक कि मिलावटी खाद्य सामग्री, नक़ली जीवन रक्षक दवाइयां,ज़हरीले फल व सब्ज़ियाँ,मिलावटी घी,पनीर,दूध,खोया,मिलावटी मिठाइयां,मिलावटी मसालों जैसी अनेक चीज़ों का कारोबार हमारे देश में दशकों से बेरोकटोक होता आ रहा है। और न जाने कितने लोग ऐसी खाद्य वस्तुओं के सेवन से मौत की गोद में भी समा चुके हैं। जब कभी ऐसा कोई नेटवर्क क़ानून की गिरफ़्त में आता है तो उसकी ख़बरें भी प्रकाशित होती हैं। परन्तु ऐसी नक़ली और मिलावटी वस्तुओं के उत्पादक,निर्माता,वितरक व विक्रेताओं के विरुद्ध सरकार व प्रशासन क्या और कितनी कार्रवाई करता है इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह जानलेवा धंधा कम होने के बजाये और भी अधिक फलता फूलता जा रहा है। हद तो यह है कि देश में तमाम ब्रांडेड सामग्रियां भी नक़ली बिक रही हैं। मगर कोई पूछने वाला नहीं है। ज़ाहिर है यह सब नक़्क़ालों,मिलावटख़ोरों तथा प्रशासन के मिलेजुल नेटवर्क का ही परिणाम है। और शायद सरकार व प्रशासन की इसी अनदेखी का ही नतीजा है कि अब केवल खाद्य सामग्री या दैनिक उपभोग की वस्तुयें मात्र ही नक़ली या मिलावटी नहीं बल्कि यही फ़र्ज़ी लोग बड़े बड़े सवेदनशील पदों को भी कलंकित करते दिखाई दे जाते हैं।

हमारे देश में कभी कोई फ़र्ज़ी आई ए एस पकड़ा जाता हो तो कभी कोई फ़र्ज़ी आई पी एस अधिकारी बना घूमता रहता है। हद तो यह है कि अब तो देश में न केवल स्वयं को प्रधानमंत्री कार्यालय का एडिशनल डायरेक्टर बताने वाला गुजरात का एक फ़र्ज़ी व्यक्ति पकड़ा जा चुका बल्कि गत दिनों तो एक नक़ली हार्ट सर्जन तक गिरफ़्तार किया गया। देश के सुधी व जागरूक लोगों को याद होगा कि मार्च 2023 में श्रीनगर में किरण पटेल पुत्र जगदीश पटेल नाम के एक फ़र्ज़ी व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा गया था। यह ठग खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का एडिशनल डायरेक्टर बताता था तथा ज़ेड प्लस सुरक्षा के साथ बुलेटप्रूफ गाड़ी पर चला करता था। जबकि ज़ेड प्लस सुरक्षा पर प्रति व्यक्ति 40 से 45 लाख रुपए महीना तक का ख़र्च होता है। ठग पटेल हमेशा फ़ाइव स्टार होटल में ही ठहरा करता था। प्रधानमंत्री कार्यालय का अधिकारी बनकर ही वह जगह जगह की यात्राएं करता था और इसी आधार पर वह सरकारी सुख सुविधायें भी लिया करता था। ख़ुफ़िया एजेंसी के अलर्ट के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 2 मार्च 2023 को उसे गिरफ़्तार कर लिया। गिरफ़्तारी के समय उसके पास से कई फ़र्ज़ी विज़िटिंग कार्ड भी बरामद किए गए। पटेल के बारे में विस्तृत जांच से पता चला कि उसके विरुद्ध गुजरात में पहले से ही ठगी के तीन मामले दर्ज थे। उसके बावजूद उसके हौसले इतने बुलंद थे कि बाद में भी कई महीने तक यह ठग स्वयं को प्रधानमंत्री कार्यालय का उच्चाधिकारी बताकर घूमता रहा। उसके झांसे में आकर तमाम अधिकारी उसकी ख़ुशामद में लगे रहते। सुरक्षा एजेंसियों की इससे बड़ी नाकामी और क्या हो सकती है ? ज़रा सोचिये कि एक तरफ़ तो जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक हैं जिन्हें ज़ेड प्लस सुरक्षा व बुलेटप्रूफ गाड़ी मिलनी चाहिये परन्तु उनकी सुरक्षा के लिये तो केवल एक निजी अधिकारी तैनात किया गया जबकि गुजरात का एक ठग यह सभी सुविधायें लेकर सुरक्षा एजैंसियों व बड़े बड़े अधिकारीयों की आँखों में धूल झोंककर घूमता रहा ? पिछले दिनों ऐसा ही एक और दिल दहलाने वाला मामला सामने आया। फ़र्ज़ी डॉक्टर तो देश में बहुत सुने गए थे परन्तु फ़र्ज़ी हार्ट सर्जन मैं ने तो कभी नहीं सुना।मध्य प्रदेश के दामोह में अपना नाम एन जॉन केम बताने वाला एक व्यक्ति एक निजी ईसाई मिशनरी अस्पताल में सेवारत था। वह स्वयं को प्रसिद्ध ब्रिटिश डॉक्टर व कार्डियोलॉजिस्ट बताया करता था। जबकि जांच के बाद पता चला कि उस कथित डॉक्टर का वास्तविक नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है।

**राज काज**

## चलते चलते जवानों की मौत ?

नई दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर विमान को लैंड करने के तुरंत बाद जवान पायलट की हार्ट अटैक से मौत हो गई।उसे अस्पताल भी नहीं पहुंचाया जा सका। हवाई अड्डा के अधिकारियों का कहना है। लैंडिंग के बाद ही पायलट की तबीयत बिगड़ता शुरू हुई, देखते ही देखते वह मौत के मुंह में समा गया। कोविड के बाद जिस तरह से लोगों की नाचते गाते चलते फिरते कम उम्र के लोगों की मौत हो रही है। उसने लोगों की चिंता को बढ़ा दिया है। भारत सरकार कोविड के बाद जिन्हें टीके लगे थे,और जिन्हे टीके नहीं लगे थे। उनकी मौत किस तरह से हो रही है। यह भी सरकार नहीं जानना चाहती है। इससे लोग भयभीत है।

## बंगाल में काली मैया और भगवान राम के बीच रार

पश्चिम बंगाल के डॉक्टर हड़ताल पर चल रहे हैं। अब 25000 शिक्षक सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। रही सही कसर वक्फ बिल ने पूरी कर दी है। मुर्शिदाबाद और पश्चिम बंगाल के अन्य शहरों में मुसलमानो का प्रदर्शन हो रहा है। राज्य सरकार और पुलिस पशोपेश में हैं। वह करे, तो क्या करे। अगले साल चुनाव है। राजनीतिक दलों और राजनेताओं को चुनाव जीतना है। उसमें जितनी बली चढ़ सकती है, चढ़ जाए। चुनाव तो जीत जाएं। इसमें सबसे ज्यादा हालत बंगाल पुलिस की खराब हो रही है।रही सही कसर न्यायपालिका पूरी कर रही है। न्यायपालिका का पश्चिम बंगाल के लिए अलग फैसले होते हैं। केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों के लिए न्यायपालिका के अलग फैसले होते हैं। इसको लेकर ममता दीदी न्याय पालिका के खिलाफ मैदान में उतर आई हैं। पश्चिम बंगाल में क्या होगा, यह काली मैया तय करेंगी या भगवान राम तय करेंगे। एक पक्ष काली मय्या की छत्रछाया में है। दूसरा पक्ष भगवान राम की छत्रछाया में है।

## ममता दीदी और राहुल गांधी के रिश्तों में मधुरता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच में अब मधुरता है। 25000 शिक्षकों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्णय दिया है। उस निर्णय के कारण गांधी और ममता बनर्जी के बीच की समझ बढ़ गई है। अगला विधानसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के दोनों दल साथ में मिलकर लड़ेंगे। ममता दीदी भी अब समझ गई हैं। विधानसभा का चुनाव जीतना है ,और अपनी कुर्सी को बचाए रखना है। वर्तमान स्थिति में इंडिया गठबंधन का समर्थन जरूरी है।

**जरा हटके**

## इंसानों को पानी के नीचे बसाने की तैयारी हो चुकी है शुरू

**लंदन (ईएमएस)।**

ब्रिटेन की एक स्टार्टअप कंपनी दीप समंदर की गहराइयों में इंसानी बस्तियां बसाने का सपना देख रही है। कंपनी का मानना है कि समुद्र के भीतर रहना अब सिर्फ कल्पना नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों में हकीकत बन सकता है। कंपनी का यह विचार तब और मजबूत हुआ जब एक बायोमेडिकल इंजीनियर ने हाल ही में 100 दिन तक पानी के नीचे रहकर यह साबित कर दिया कि इंसान सीमित संसाधनों में भी समंदर के भीतर टिक सकता है। इस ऐतिहासिक प्रयोग के बाद अब यह बहस तेज हो गई है कि क्या भविष्य में लोग समुद्र के भीतर स्थायी रूप से रह सकेंगे?

कंपनी ने 'सबसी हेबीटेटस' यानी पानी के नीचे रहने योग्य संरचनाओं पर काम शुरू कर दिया है। इस साल के अंत तक कंपनी का पहला अंडरवॉटर घर 'वैनगार्ड' तैयार हो जाएगा। यह 3डी प्रिंटेड धातु से बना होगा और 325 फीट की गहराई पर तीन गोताखोरों को समायोजित कर सकेगा। इसके बाद कंपनी का अगला लक्ष्य 'सेंटिनल्स' नाम की बड़ी बस्तियां बसाना है जो 656 फीट की गहराई पर 'ट्वाइलाइट जोन' के पास बनाई जाएंगी। इनमें छह बेडरूम, किचन, साइंस लैब और टॉयलेट्स जैसी सभी सुविधाएं मौजूद होंगी। कंपनी ने वर्ष 2035 तक 10 अंडरवॉटर बस्तियां बसाने का लक्ष्य रखा है और 2050 तक समुद्र में पहला शिशु जन्म कराने की योजना है। हालांकि यह विचार नया नहीं है। 1950 और 60 के दशक में भी सीलैब और कॉनशेल्फ जैसे प्रोजेक्ट्स शुरू हुए थे, पर वे सीमित समय और तकनीकी बाधाओं के कारण ज्यादा सफल नहीं हो सके। पानी के नीचे रहना अंतरिक्ष की तुलना में कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है।

धूप की कमी, डीकंप्रेशन सिकनेस, रक्त में बुलबुले बनने की समस्या और सघन हवा के कारण श्वसन तंत्र पर प्रभाव जैसे कई खतरे हैं। इसके बावजूद दीप का यह सपना दुनिया को एक नई दिशा में ले जा सकता है। मालूम हो कि जहां एक ओर दुनिया अंतरिक्ष में बस्तियां बसाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, वहीं अब इंसानों को पानी के नीचे बसाने की भी तैयारी शुरू हो चुकी है।

**फोटो ऑफ द डे**




**बैंकाक में थाई नववर्ष के अवसर पर पानी से खेलते हुए लोग। इसे सेनगकरण के नाम से जाना जाता है।**
**(फोटो-ईएमएस)**

**व्यंग्य**

## एक कॉलम व्यंग्य

**-संजय ग्रोवर**

कृपया निम्न लेख को पढ़ते समय ध्यान रखें कि यह एक व्यंग्य है। श्रीमती जी को कद्दू पसंद है और मुझे टिंडा। बोलीं कि कई दिन से टिंडा खा रहे हैं आज कद्दू बना लेती हूँ। मैं हँसा, गँवार कहीं की। रूआँसी हो बोली कि गँवार हूँ तो मुझसे शादी क्यों की थी। मैंने कहा, मूर्ख कहीं की, तू न होती तो मैं हँसी किसकी उड़ाता, चुटकुले किस पर लिखता, (यानी कि) व्यंग्य किस पर लिखता। पत्नियाँ तो होती ही इसलिए हैं कि उन पर कुछ भी लिख दिया जाए। वे उसे व्यंग्य मान कर अपराध बोध महसूस करने लगती हैं। पत्नी सचमुच शर्मिंदा हो गई। टिंडा फिर कद्दू पर हावी हो गया।

पुराने लोग बहुत अच्छे होते हैं। नए बहुत ही ज़्यादा गंदे होते हैं। एक बार मैं नई पीढ़ी था। तब पुरानी पीढ़ी काफ़ी घटिया थी। अब मैं पुरानी पीढ़ी होता जा रहा हूँ और नई पीढ़ी खराब होती जा रही है। मैंने सुबह ग्रंथादि का पाठ शुरू कर दिया है। धीरे-धीरे सब ठीक हो जाएगा। पहले भी कई बार हुआ है। (ऐसा मैंने सुना है।)।

दूसरे बहुत ही गंदे हैं। हम बहुत ही अच्छे हैं। दूसरे एकदम खराब। हम एकदम अच्छे। दूसरे खराब। हम अच्छे। टाँय टू। टाँय टू। टाँय टू। टाँय टू। टू-टू। एक साल बाद। टाँय-टाँय। दस साल बाद। टू-टू। सौ साल बाद। टाँय-टू। हज़ार साल बाद। टाँय टू। दसियों हज़ार साल बाद। टाँय टू। दूसरे खराब। हम अच्छे। टाँय टू। टाँय टू।

जनता बहुत अच्छी है। लोग बहुत अच्छे हैं। नेता सब नालायक हैं। जनता ज़मीन से पैदा होती हैं। नेता आसमान से टपकते हैं। न जाने कब अच्छे नेताओं की बारिश होगी। वैसे कुछ अच्छे नेता भी हैं। पर ऐसे नेता बस दो-चार ही हैं। एक ने मेरी किताब छपवाने में मदद की। एक ने उसका विमोचन किया। तीसरे ने मुझे एक जगह सस्ता प्लॉट दिलवा दिया है। लगभग मुफ्त का। चौथे के मेरे घर आते-जाते रहने से पड़ोसियों में मेरी छवि भी ख़ासी दमदार बनी हुई हैं। राशन-गैस भी घर बैठे आ जाते हैं। अब क्या करूँ। दुनियादारी भी तो कोई चीज़ है। %एडजस्ट% तो करना ही पड़ता है न। रोटी भी तो खानी है कि नहीं। आजकल कुछ लोग कहने लगे हैं कि जैसा समाज होता है वैसा ही उसका नेता होता है। लगता है इन लोगों ने अपने खाने-पीने रहने का 'फुलप्रूफ' जुगाड़ कर लिया है। पर मेरे सामने तो सारी ज़िंदगी पड़ी है। अपना 'कैरियर' भी तो सँवारना है। मैं ऐसी बातें खुलकर कैसे कह सकता हूँ।लोग तो प्रकाशकों और पाठकों की भी बुराई करते हैं। मैं कहता हूँ कि कौन कहता है किताबें नहीं बिकती। खुद मेरी किताबों 'पेटदर्द चुटकुले', 'हँसती हुई उबासियाँ', घर में हँसो, बाज़ार में हँसो, पत्नी पर हँसो, सरदार पर हँसोक्के कई संस्करण छपे भी हैं और बिके भी हैं। मेरे नए कविता संग्रह 'लड़की नहाई आँगन में' को छापने के लिए कई प्रकाशक अभी से दरवाज़ा पीट रहे हैं। कुछ पाठकों के तो प्रशंसा पत्र भी अभी से आ गए हैं। मैं एक उद्योग हूँ। व्यंग्य एक उत्पाद है। अखबार बिचौलिया है। पाठक एक ग्राहक है। रोज़ाना सुबह आपको एक कॉलम व्यंग्य सप्लाई करना होता है। बड़ा ही मेहनत का काम है। एक भी पंक्ति कम या ज़्यादा हो जाती है तो संपादक जी की नज़रों में मेरा रिकार्ड गिर जाता है। वैसे बहुत कम ही ऐसा होता है। इसलिए संपादक जी मुझसे खुश रहते हैं।

**चिंतन-मनन**

## वीरत्व की अलंकृति है क्षमा

क्षमा वीरत्व की अलंकृति है। दुर्बल और विवश व्यक्ति द्वारा उद्गीत क्षमा का माहात्म्य उतना प्रखर नहीं हो सकता। ज्ञान की स्फुरणा में मौन की सार्थकता है। शक्ति-संपन्नता में क्षमा की सार्थकता है और त्याग-भावना में आत्मगोपन या अप्रशस्ति की सार्थकता है।

शक्ति के अभाव में स्वीकृत का कवच व्यक्ति को कई अवांछनीय परिस्थितियों से त्राण तो दे सकता है, पर उससे क्षमा का वर्चस्व धुंधला हो जाता है। मन के प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न होने पर संभावित प्रोध को शांति से प्रतिहत करने वाला व्यक्ति अपनी क्षमा को तेजस्वी बनाता है। क्षमा के स्वरूप और उसकी क्रियान्विति के संबंध में कोई निश्चित सिद्धांत नहीं बन सकता। अपराध करने वलों और क्षमाशील रहने वालों की अनेक भूमिकाएं हैं। एक मुनि, अपराधी व्यक्ति को क्षमा नहीं करता है तो उसका मुनित्व संदिग्ध हो जाता है। भगवान महावीर के साधना काल में कितनी बार प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा की गई, पर महावीर का महावीरत्व उनकी क्षमाशीलता में ही पल्लवित हुआ। राजधर्म क्षमा को ऐकांतिक महत्व नहीं देता। दुष्ट व्यक्ति को दंडित करना राजधर्म के अनुसार विहित है। दंडनीय को दंड न देना राजधर्म का लोप माना जाता है। इससे अराजकता को प्रोत्साहन मिलता है और अपराधी तत्व निरंकुश हो जाते हैं।

**रोचक**

## पृथ्वी से चंद्रमा का दूर वाला हिस्सा हो सकता है अधिक शुष्क

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** चीनी वैज्ञानिकों ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से से जुड़े एक महत्वपूर्ण रहस्य का खुलासा किया है। इस शोध के अनुसार, चंद्रमा का वह भाग जो पृथ्वी से दूर है, अपेक्षाकृत अधिक शुष्क हो सकता है। यह जानकारी चीन के 'चांग'ई 6' मिशन से प्राप्त मिट्टी और चट्टानों के नमूनों के विश्लेषण से सामने आई है। बीते साल चीन, चंद्रमा के उस हिस्से पर यान उतारने वाला पहला देश बना, जहां अब तक कोई नहीं पहुंचा था।

इस मिशन के तहत दक्षिणी ध्रुव के पास स्थित ऐटकेन बेसिन से ज्वालामुखीय चट्टानों और मिट्टी के नमूने एकत्र किए गए। चीनी विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिक सेन हू और उनकी टीम ने करीब पांच ग्राम मिट्टी को इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप की मदद से परखा। उन्होंने कुल 578 कणों का गहन विश्लेषण किया और पाया कि इन नमूनों में पानी की उपस्थिति मात्र 1.5 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम से भी कम थी। इसकी तुलना अगर चंद्रमा के उस हिस्से से की जाए जो पृथ्वी की ओर है, तो वहां के नमूनों में पानी की मात्रा एक माइक्रोग्राम से लेकर 200 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम तक पाई गई थी। यह भी कहा गया है कि सीमित नमूनों के कारण अभी यह तय करना मुश्किल है कि यह शुष्कता चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से में कितनी व्यापक है। वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा की आंतरिक संरचना और उसके विकास को समझने के लिए पानी की मौजूदगी या अनुपस्थिति का अध्ययन बेहद जरूरी है।

### 17वीं जूनियर राज्य स्तरीय ओपन डोजबॉल चैंपियनशिप का समापन

**देवास, ईएमएस।** मध्यप्रदेश डोजबॉल संघ तथा नारायण क्रीड़ा मंडल दिवस द्वारा आयोजित 17 जूनियर राज्य स्तरीय ओपन डोजबॉल चैंपियनशिप का भव्य समापन समारोह सरस्वती विद्या मंदिर विजयनगर में संपन्न हुआ। अध्यक्ष जयसिंह ठाकुर एवं सचिव प्रवीण सांगते ने बताया की चैंपियनशिप में बालक-बालिका के दोनों वर्गों में देवास जिले में स्वर्णिम सफलता अर्जित की।



### प्रभात फेरी के दौरान डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**देवास, ईएमएस।** प्रभात फेरी खेडापति मण्डल द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मण्डल के मांगीलाल विजयवर्गीय ने बताया कि सर्वप्रथम मण्डल के सदस्यों ने प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान मण्डल के भक्तों ने उज्जैन रोड तिराहा स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भजन-कीर्तन किए गए।



## फटाफट खबरें

### आदित्य सिंह बने अशोकनगर के नए कलेक्टर

**अशोकनगर, ईएमएस।** मध्यप्रदेश सरकार ने रविवार की देर शाम



प्रशासनिक फेरबदल किया है। 2014 बैच के आईएएस अधिकारी आदित्य सिंह को अशोकनगर का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। आदित्य सिंह इससे पहले हरदा जिले के कलेक्टर थे। उन्हें हरदा में हुए पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट के दौरान कलेक्टर बनाया गया था। वहीं कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी को सामान्य प्रशासन विभाग में अपर सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। बता दें कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी की कुछ दिनों पहले ही पदोन्नति हुई थी और वह अपर सचिव बने थे।

### बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती महोत्सव पूर्ण श्रद्धा से मनाया गया

**नसरूल्लागंज-भैरूंदा, ईएमएस।** नगर में बाबा सा भीमराव अंबेडकर की जयंती पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाई गई। सबेरे नौ बजे भाजपा मंडल द्वारा बाबा सा अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं उनके सिद्धांतों को याद किया गया। 11बजे ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर बाबा सा को श्रद्धांजलि दी। सामाजिक बंधुओ ने सामाजिक नेता कैलाश धावरे एवं संतोष गौर के नेतृत्व में बाबा सा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शाम को नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें समस्त सामाजिक बंधुओ ने भाग लिया। शोभायात्रा का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया।

### जायसवाल बने मप्र जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**खरगोन, ईएमएस।** जायसवाल



सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकिशोर मोदी की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल की सहमति से खरगोन के समाजसेवी मोहन जायसवाल को मध्य प्रदेश जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके इस मनोनयन पर जायसवाल समाज में हर्ष व्याप्त है।

### जनसहयोग से मुक्तिधाम में होगा आरओ कूलर प्याऊ का निर्माण

**सिरोंज, ईएमएस।** मध्य प्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं अंतर्गत रविवार को नगर के लटेरी रोड स्थित मुक्ति धाम परिसर तथा इसी परिसर के पास से निकली केथन नदी के किनारे स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

नगर के समाजसेवियों तथा नपा के स्वच्छता मित्रो के सहयोग से सम्पन्न हुए अभियान में केथन नदी के किनारे फैली पसरी पॉलीथिन तथा कचरे की सफाई की गई।

▶ शहर सहित जिले भर में मनाई अम्बेडकर जयंती, निकाली शोभायात्रा

# सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण





अशोकनगर, ईएमएस।

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर बड़े उत्साह के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर की सड़कों पर नीले झंडों के साथ अंबेडकर के अनुयायियों का जनसैलाब उमड़ा।

जयंती के अवसर पर सोमवार को सुबह से ही शहर में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित हुए। पुराना बस स्टैंड स्थित अंबेडकर पार्क पर सुबह से ही सामाजिक और राजनीतिक सहित शहर भर के लोगों का पहुंचना शुरु हो गया था। बाबा भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर भाजपा के पुर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी सहित कई नेताओ ने माल्यार्पण करते हुए बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाए और उन्हें नमन किया। इस दौरान लोगों ने उनके बताए गए मार्ग और आदर्शों पर चलने की बात कही। अंबेडकर जयंती के अवसर पर शहर के रविदास मंदिर से बहुजन समाज पार्टी के द्वारा भव्य चल समारोह निकाला गया, जो विदिशा रोड होते हुए गांधी पार्क, इंदिरा पार्क वापस रविदास मंदिर पहुंचा। रैली में बुजुर्ग, महिला-पुरुष बैनर और झंडे लेकर चलते नजर आए। रैली में शामिल हुए लोगों ने बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाए। लोगों ने आतिशबाजी की। रैली में बैंड बाजा और ढोल नगाड़े के साथ लोग नाचते झूमते हुए शामिल हुए। जिले के अन्य क्षेत्रों में भी जयंती का उत्साह देखा गया।

#### चारों विकासखंड में आयोजित हुए कार्यक्रम

जिला मुख्यालय सहित जिले की तीनों विकासखंड चन्देरी, मुंगावली और ईसागढ़ में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। वही रैली के बाद बाबा साहब के जीवन चरित्र के बारे में लोगों ने विचार रखे। रैली के साथ शहर के सभी अहम चौक चौराहों पर पुलिस बल भी तैनात रहा। रैली के आगे भी यातायात पुलिस एवं कोतवाली पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई।

#### सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर किया नमन

अंबेडकर पार्क पर सुबह के समय से ही राजनीतिक सहित सामाजिक लोग पहुंचे और बाबा साहब की प्रतिमा को माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि संविधान के माध्यम से बाबा साहब ने सभी को समानता का अधिकार दिया। उन्होंने भेदभाव मिटाकर समरसता का वातावरण बनाया।

### हर्षोल्लास से मनाई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती

**चंदेरी, ईएमएस।** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास से निकाली बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाई जयंती संविधान के शिल्पकार गरीबों के मसीहा लोकतंत्र के सब को न्याय दिलाने वाले बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर भीमराव जी की जयंती नगर में चल समारोह निकाला गया चल समारोह हाटकापूरा, पटकूइयां, माता माढ एंव भीतर शहर से प्रारंभ होते हुए मुख्य चौराहों पर जैसे निजामुद्दीन चौराहा, दिल्ली दरवाजे, खिड़की दरवाजा होते हुए, तहसील प्रांगण में पहुंचे जहां पर बाबा साहब की प्रतिमा की पूजा अर्चना करके एंव श्रद्धा सुमन अर्पित करके उनके चरणों में नमन करते हुए सभी ने बाबा साहब को प्रण लिया कि बाबा साहब का काफिला हमेशा यूं ही बढ़ता रहे ओर साथ में पुलिस प्रशासन ने चौक चौराहों पर पुलिस के जवान मौजूद रहे सुरक्षा के इंतजाम मे तैनात देखें और चंदेरी पुलिस प्रशासन की चाक चौकबंद व्यवस्था रही।।



### सिरोंज में मनाई गई अम्बेडकर जयंती

**सिरोंज, ईएमएस।** आज बाबा साहेब अम्बेडकर जी की जयंती पर इंदौर के महू में स्थित भीम जन्मभूमि स्मारक पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जी के सानिध्य में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विनोद सेन ने पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। एवं भारतीय संविधान प्रचारनिणी सभा भारत के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में अनेक कांग्रेसजन उपस्थित हुऐ।

### डॉक्टर बाबा साहब की जयंती, भाजपा और कांग्रेस ने याद कर पेश की अरदानजली



**बुरहानपुर, ईएमएस।** संविधान निर्माता डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर भाजपा के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल महापौर माधुरी पटेल जिला अध्यक्ष मनोज माने और भाजपा नेताओं ने नियामतपुर स्थित बाबा साहब की आदम कद प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर अपनी अर्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल जिला अध्यक्ष मनोज माने ने कहा कि आज भी बाबा साहब की विचारधारा प्रासंगिक है वहीं उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस ने केवल बाबा साहब के नाम का उपयोग किया है जबकि भाजपा ने बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को नई उड़ान दी है बाबा साहब केवल संविधान निर्माता ही नहीं सामाजिक समरसता के प्रतीक भी है वही जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला अध्यक्ष रिंकू टॉक पूर्व विधायक हमीद काजी पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह पार्षद अहफाज मीर महिला जिला अध्यक्ष सरिता राजेश भगत युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता शैली की सहित अन्य कांग्रेस जन भी बाबा साहब की प्रतिमा पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे इस अवसर पर कांग्रेस जनों ने बाबा साहब के आधुनिक भारत उनके योगदान को याद किया जिला अध्यक्ष रिंकू टाक ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर का योगदान भारतीय समाज के लिए अमूल्य है उनका जीवन हर नागरिक के लिए प्रेरणादायक है इसके साथ ही बाबा साहब की जयंती पर समाज जनों की ओर से विभिन्न कार्य म आयोजित कर शहर के विभिन्न वार्डों से प्रभात फ़ेरिया निकली गई जो शाम को सामूहिक रूप से बाबा साहब की प्रतिमा पर पहुंच कर माल्या अर्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया!

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती



**मैहर, ईएमएस।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम पंचायत पोड़ी में बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर भव्य कार्य म का आयोजन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने कहा कि बाबा साहब केवल संविधान निर्माता नहीं थे बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के पुरोधा थे। उनका जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है। आज हमें उनके सिद्धांतों को अपनाकर समाज में समरसता, न्याय और भाईचारे को बढ़ावा देना है। आगे कहा किए हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें डॉ. अंबेडकर जैसा महान विचारक और मार्गदर्शक मिला। उनका बनाया संविधान आज भी भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है। कांग्रेस पाटZ हमेशा उनके विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। उपस्थित लोगों ने उनके पद चिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कार्य म के अंत में सभी उपस्थितजनों ने जय भीम के नारों के साथ एकजुटता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर रामसिंह बुंदेला, पंकज कुशवाहा, राजाराम कुशवाहा, सेक्टर अध्यक्ष बद्री कुशवाहा, विशाल चैधरी, राकेश चैधरी एवं मनीष चैधरी उपस्थित रहे।

### नारायणी शक्ति महिला मंडल ने मनाई संविधान निर्माता की जयंती

**मैहर, ईएमएस।** नेहरू युवा केंद्र सतना के तत्वाधान में सेवावाहिनी समिति मैहर के नेतृत्व में मां नारायणी शक्ति महिला मंडल मैहर के सभागार में भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती पर संगोष्ठी एवं शपथ का कार्य म अध्यक्ष मां नारायणी शक्ति महिला मंडल प्रेमलता शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिला मंडल प्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक समरसता के संदेश को जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया। प्रेमलता शुक्ला ने अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा समाज के अंतिम पंक्ति के शोषित वंचित लोगों की मदद करने की बात कही। प्रीति सिंह परिहार प्रशिक्षिका ने सिलाई सेंटर द्वारा भारतीय संविधान में प्रदत्त अधिकार और कर्तव्यों को आत्मसात करने की बात कही। सेवावाहिनी के संचालक मनोज शुक्ला द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के व्यक्ति त्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

### 'हम भारत के लोग...' संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर भारत रत्न डॉ.अंबेडकर को याद किया : सांसद माया नारोलिया

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार



को वार्ड नंबर 33 संजय नगर ग्वालटोली नर्मदापुरम में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रजवल्लन कर उपस्थित कार्यकर्ता एंव जन समुदाय को 'संविधान' की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, संभागीय कार्यालय मंत्री हंस राय, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राहुल सोलंकी, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, पार्षद वंदना चुटीले, पार्षद रेखा यादव,पार्षद सुषमा खत्री,पार्षद दुर्गेश चौधरी,अजय रत्नानी,अतुल भंडारी,योगेंद्र सोलंकी,चंदन साहा,सचिन तोमर,सुंदरम अग्रवाल,चंचल राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, कमल चव्हाण, अजामो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ.सीमा कैथवास, जयबाला निगम,परवीन बेग,रौशनी वर्मा राकेश सराठे,अखिलेश व्यास,अनिल आर्य,अमन चुटीले,कपिल वर्मा,विशाल दीवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिती में आयोजन हुआ।

### बाबा साहेब जयंती पर निकली शोभायात्रा ,जगह-जगह फूल मालाओं का किया स्वागत



**खरगोन, ईएमएस।** भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती नगर में धूमधाम से मनाई गई। बाबा साहेब के अनुयायियों ने अलग. अलग कार्य म आयोजित कर डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा स्थलों पर पहुंचकर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए, विधायक बालकृष्ण पाटीदार जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने कहा बाबा साहेब ने शिक्षित बनने, संगठित रहने व मेहनत करने का संदेश दिया था। संविधान निर्माता व भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया दोपहर 3 बजे अनुसूचित जाति- जनजाति व पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में ढोल और मांदल के थाप और लोकगीतों के बीच जय भीम के नारों के बीच युवा जमकर थिरके। शोभायात्रा के दौरान सुसज्जित बग्घी में डॉ.भीमराव आंबेडकर की अलग- अलग मुद्रा में सजी झांकियां बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। वहीं सैंकड़ों की संख्या में महिला- पुरुष, युवक- युवतियों सहित कई अनुयायी शोभायात्रा में शामिल हुए। मोर्चा के रामेश्वर बड़ोले, प्रदीप करोंदिया, नितेश आडतिया ने बताया कि बाबा साहब ने जिस तरह सामाजिक एकता, अखंडता के लिए संविधान लिखा था, आज खुशी की बात है कि बाबा साहेब के जन्मदिन पर शहर में सामाजिक एकता के रुप में जन्मोत्सव मनाया जा रहा है, सभी समाज के लोग महारैली का जगह- जगह स्वागत सत्कार कर रहे है, यह बाबा साहेब के सपनो को साकार करते हुए संविधान के प्रति सम्मान दिखाने जैसा नजारा है। शोभायात्रा का सकल हिंदू समाज ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, इसके अलावा करीब दो किमी मार्ग पर 20 से अधिक स्थानों पर सेवा स्टॉल लगाकर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, अधिकारी- कर्मचारी संगठनों ने स्वागत-सत्कार किया। रैली में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया। युवा हाथों में नीले झंडे लेकर बाबा साहेब अमर रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इन मार्गो से गुजरी यात्रा रैली नगर के किला मैदान से प्रारंभ होकर सराफा बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा, श्रीकृष्ण टॉकीज, बस स्टैंड होते हुए शाम 6 बजे टीआईटी कामप्लेक्स पहुंची, जहां सभा ओर सांस्कृतिक कार्य मों के साथ समापन हुआ। डॉ भीमराव अम्बेडकर दलितों और पिछड़ों के मसीहा थे। उन्होंने जाति पाति, छूत-अछूत, ऊंच.नीच आदि विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में अग्रणीय भूमिका निभाई है

### भाजपा नेता पीयूष शर्मा के नेतृत्व में पोस्ट ऑफिस घाट क्षेत्र में पूर्व पार्षद सहित सफाई अभियान चलाया

**नर्मदापुरम (ईएमएस)।** मप्र शासन के गाँव चलो अभियान के अन्तर्गत आमजन में साफ सफाई स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से सोमवार को प्रातः 9 बजे वार्ड .8 नर्मदापुरम के पोस्ट आफिस घाट पर पूर्व पार्षद जितू तिवारी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष एवं युवा भाजपा नेता पियूष शर्मा की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता विलास नीले ने बताया कि इस अवसर पर पूरे घाट स्थल एवं नर्मदा नदी किनारे फैले कचरे को नगरपालिका की टीम के सहयोग से साफ सुथरा किया गया। इस अवसर कोठी बाजार क्षेत्र के गणमान्यजन, युवाओं एवं समाजसेवी लोगों ने स्वच्छता अभियान में योगदान दिया। भाजपा नेता पीयूष शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा गांव चलो अभियान के अंतर्गत आमजन में साफ सफाई स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से इस प्रकार के स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। निश्चित इससे नागरिकों में जागरूकता उत्पन्न होगी और वह अपने आसपास के क्षेत्र नदी तालाब को स्वच्छ रखने में सहायक होंगे।

▶ श्रावक श्राविकाओं ने प्रातः श्री जी के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया

## संस्कार देने में माता पिता को पूर्णतः सजग रहना चाहिए : मुनिश्री संस्कार सागर जी

**सीहोर, ईएमएस।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी में आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री संस्कार जी मुनिश्री आस्तिक्य सागर जी मुनि श्री प्राणीक सागर जी के सानिध्य में बाल ब्रह्मचारी शोभित भैय्या जी के निर्देशन में श्रावक श्राविकाओ ने प्रातः श्री जी के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। तत्पश्चात धर्म सभा में मु मुनिश्री के प्रवचन श्रधदालुओ ने श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया।

मुनिश्री संस्कार सागर जी ने धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कहते हैं पूत के पांव पालने में दिखाई देते है। इसका मतलब पालने में पूत को देखना नहीं उसके पांव में कुछ भी नजर नहीं आयेगा इसका मतलब यह है कि हमारे यह है कि हमारे अंदर जों बचपन में संस्कार डल जातें हैं



वे ही स्वभाव लगने लगते है वें संस्कार हम पूरी जिंदगी में भुल नहीं पाते अथवा हम यूं कहें कि पूरी जिंदगी हम उन्हीं संस्कारो के आधार पर चलाते हैं मुनिश्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि किसी मनोवैज्ञानिक ने कहा है कि सात साल के बच्चे के संस्कार सत्तर वर्ष तक कायम रहते हैं, अभिमन्यु के संस्कार गर्भ में पैदा हुये और सौलह वर्ष बाद प्रकट हो गये। हिटलर बहुत ही पापी और खतरनाक व्यक्ति था । उसने हजारों व्यक्तियों को जान से मार दिया लेकिन जब मरा तो लड़ाई में बिल्लियों से डर के भागने पर मरा । उसके जीवन पर खोज की गई बाद में पता चला कि हीटलर इतना क्रूर व्यक्ति होते हुए भी बिल्ली से इसलिए डर गया था कि वर्षों तक नहीं भूल पाया था कि बचपन में उसकी छाती पर एक बार बिल्ली चढ़ गई थी, जिससे इतनी ज़ोर से डर गया था कि वर्षों तक नहीं भूल पाया ये घटना दुर्घटना भी संस्कार की तरह ही जिंदगी में भुल नहीं पाता।

भगवान राम पूर्व में रात्रि आहार जल त्याग करते चले आ रहे थे तो कई भवो के संस्कारो ने बलभद्र पद प्राप्त कराया ।और उन्हीं संस्कारों से निरंतर बचते हुए सुसंस्कारों को अपनाना चाहिए यही जीवन की नींव है। मुनिश्री संस्कार सागर जी ने माता पिता को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कार देने में माता और पिता को पूर्णतः सजग रहना चाहिए। एक बालक जब गर्भ में प्रवेश करता है तब से ही माता पिता के विचारों से परिचित होने लगता है।

### प्रयाग के उपनयन संस्कार में लगा आशीर्वाद का तांता

**मैहर, ईएमएस।** तहसीलदार बी.के मिश्रा के चिरंजीव प्रयाग गौतम का उपनयन संस्कार सोमवार को मैहर के निज निवास देवधरा से किया गया। उपनयन संस्कार का उत्सव काफी उत्साह के साथ किया गया। व्रतबंध होने के बाद शाम को बरुआ रिसाया जो देवधरा के शिव मंदिर तक गया और वहीं लड़के के मांमा द्वारा मनाकर वापस घर लाया गया। इस अवसर पर आशीर्वाद देने वालों में सांसद गणेश सिंह, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, नपा अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, उपाध्यक्ष शीतल नितिन ताम्रकार, भाजपा अध्यक्ष कमलेश सुहाने, धर्मेश घई, सुरेश तिवारी, विश्वनाथ चैरसिया, पीएल द्विवेदी, एसडीएम विकास सिंह, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, अरुण सिन्हा एवं सुक्खन बड़गइयां सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## गुना में हनुमान जयंती के जुलूस में गोली भी चली, जमकर पत्थर फिंके, 5 नामजद सहित 20 अज्ञात पर मामला दर्ज

**पुलिस में तत्काल एक्शन लेते हुए विक्की पठान सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया**

**गुना, ईएमएस।** गुना में हनुमान जयंती के दिन हुए कर्नलगंज क्षेत्र में दंगे में गोली चलाई गई। लाठी, फरसा और पत्थर बाजी से जुलूस में चल रहे 12 लोग घायल हुए हैं।

वहीं पुलिस ने इस मामले में पांच नामजद सहित 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 109, 296, 324(4), 125, 191(2), 191(3), 190, 115(2) 8 धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

**पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार :** फरियादी ओमप्रकाश उर्फ गब्बर कुशवाह पुत्र गजानंद कुशवाह उम्र 40 साल निवासी शिवाजी नगर कोल्हूपुरा गुना ने थाना आकर बताया कि दिनांक 12.04.25 को शाम 4.00 बजे प्रतिबर्ष की भाँति शिवाजी नगर माता मंदिर से हनुमान जयंति का जुलुस प्रारंभ हुआ था, जिसमे करीबन 100 लोग शामिल थे। जूलुस मे एक डीजे जो की जूलूस के पीछे चल रहा था, शाम करीबन 7.45 बजे कर्नलगंज मस्जिद पर पहुंचा था।

जहाँ पर डीजे चल रहा था तो विक्की पठान निवासी कर्नलगंज अपने दो तीन साथियो के साथ आया और जूलूस का डीजे बंद करके तत्काल आगे बडाने का जोर जोर से माँ बहिन की गंदी गंदी गालियाँ देकर बोलने लगा। तो हम लोगो ने कहा की हमारा जुलुस निकलने वाला है, इसी बात को लेकर मस्जिद तथा आसपास से कुछ लोग आ गये। और विवाद करने लगे और अचानक मस्जिद के ऊपर से तथा विक्की के घर व आसपास से अचानक पत्थर बाजी होने लगी। तो हम अपने आप को बचते बचाते हुए बडी मुश्किल से जान बचा कर भागने लगे, तो विक्की के लडके आमीन ने थार गाडी चला रहे रजत ग्वाल पर पिस्टल से फायर किया जो कान के पास से निकली। फिर गुड्डु खान ने रजत पर लुहांगी से वार किया जो जिससे हाथ में चोट लगी। तथा विक्की तथा उसके लडके, तौफिक खान, गुड्डु खान तथा अन्य 15-20 साथियों ने एक मत होकर पत्थर, लाठी लुहांगी से हमारे साथ मारपीट करने लगे। जिसमे हमारे लोग राजकिशोर, बंटी कुशवाह, अभिषेक धाकड, विशाल अनोटिया, अनुल अनोटिया, अभिषेक कुशवाह, सुग्रीव सेन, अकुल कुशवाह, पवन कुशवाह व अन्य लोगो को चोटे आई।

## फ्लाई ऐश मामले में वेदांता को 71 करोड़ मुआवजा देने को कहा

नई दिल्ली (ईएमएस)। वेदांता ने कहा है कि ओडिशा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने फ्लाई ऐश (राख) के अनधिकृत निपटान के लिए उससे 71.1 करोड़ रुपये का मुआवजा जमा करने को कहा है। फ्लाई ऐश एक महीन चूर्ण जैसा अपशिष्ट पदार्थ है जो विद्युत संयंत्रों में कोयले को जलाने पर उत्पन्न होता है। वेदांता ने बीएसई को दी गई सूचना में कहा ?कि यह मामला फ्लाई ऐश के अनधिकृत निपटान के आरोप से संबंधित है।



## 1.36 लाख तक जा सकती है सोने की कीमत: रिपोर्ट

मुंबई (ईएमएस)। पिछले दिनों जहां सोशल मीडिया पर यह कहा जा रहा था कि सोने की कीमतें 50,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक कम हो सकती हैं, वहीं इसके ?विपरीत एक बड़ा उछाल देखने को मिला है। अब एक वैश्विक निवेश फर्म की नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सोना आने वाले समय में ऐतिहासिक ऊंचाइयों को छू सकता है। 2025 के अंत तक सोने का भाव 4500 डॉलर प्रति आउंस (लगभग 1.36 लाख प्रति 10 ग्राम) तक जा सकता है।



### फटाफट खबरें

## सरकारी कर्मियों का होगा एक करोड़ का दुर्घटना बीमा

**रायपुर (ईएमएस)।** झारखंड के सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है, क्योंकि अब उन्हें सेवाकाल के दौरान यदि दुर्घटना में मौत होती है तो उन्हें एक करोड़ रुपए का बीमा मिलेगा। यह योजना स्थायी कर्मचारियों के साथ-साथ संविदा कर्मियों के लिए भी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में 17 अप्रैल को एसबीआई और राज्य वित्त विभाग के बीच हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे इस योजना को लागू किया जाएगा। एसबीआई ने इस प्रस्ताव को जनवरी में प्रस्तुत किया था और इसकी मंजूरी के बाद दो लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों को इस सुविधा से लाभ मिलेगा। इस योजना से नये खाता खोलने पर भी फायदा होगा, इसलिए सभी सरकारी कर्मचारियों को इसका उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

## चीन का निर्यात बढ़ा, आयात में गिरावट

**बैंकॉक (ईएमएस)।** चीन के निर्यात में मार्च में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। वहीं इसी दौरान आयात में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। अमेरिका के चीन से आयातित वस्तुओं पर शुल्क में बढ़ोतरी के बाद यह बढ़ोतरी देखी जा रही है। दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था निर्यात 2025 के पहले तीन महीनों में सालाना आधार पर में 5.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि आयात में सात प्रतिशत की गिरावट आई। चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष मार्च में 27.6 अरब डॉलर रहा, जबकि इसके निर्यात में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष की पहली जनवरी-मार्च तिमाही में अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 76.6 अरब डॉलर रहा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों में हाल ही में किए गए संशोधनों के अनुसार चीन को अमेरिका को किए जाने वाले अधिकतर निर्यातों पर 145 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ रहा है।

### देश में नेचुरल गैस की खपत 2030 तक 60 फीसदी तक बढ़ने की संभावना

# ऊर्जा की खपत तेज तो देश की ऊर्जा सुरक्षा पर बढ़ रहा दबाव

**नई दिल्ली (ईएमएस)।**

भारतीय अर्थव्यवस्था जितनी तेजी से विकास कर रही है, उतनी ही तेजी से ऊर्जा की खपत भी बढ़ती जा रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की खपत में वृद्धि के संकेत देती रिपोर्ट के अनुसार, देश की ऊर्जा आधारित इकनॉमी का विकास तो अच्छा है, लेकिन आयात पर निर्भरता बढ़ने से दरारें नजर आ रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, देश में नेचुरल गैस की खपत के बढ़ने के संकेत हैं, जिसे 2030 तक 60 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है। वाहनों में सीएनजी और उद्योगों के लिए गैस का उपयोग वृद्धि के कारण प्राकृतिक गैस की खपत तेजी से बढ़ेगी। इसके साथ ही, सरकार ने गैस आधारित इकनॉमी के लक्ष्य का दिया था, जो पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इकनॉमी को बढ़ाने का मकसद रखता है।



रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि खपत और विकास दर ऐसे ही बढ़ती रही तो साल 2040 तक गैस की खपत 49.6 करोड़ यूनिट तक पहुंच सकती है। इसलिए, सरकार को अब इस संदेश पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि ऊर्जा की सुरक्षा बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। भारत अपनी गैस की आधी मांग आयात के जरिये पूरी करता है। मांग बढ़ने के साथ ही तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में वृद्धि होने का अनुमान है। अध्ययन में कहा गया है कि लंबी दूरी के परिवहन ईंधन के रूप में एलएनजी पासा पलटने वाला साबित हो सकता है, क?योंकि यह डीजल वाहन की जगह लेने की क्षमता रखता है। भारत का एलएनजी आयात 2030 तक दोगुना से अधिक होने वाला है। जाहिर है कि इससे कीमतों पर भी असर पड़ेगा और खुदरा बाजार में गैस की कीमतें महंगी हो सकती हैं। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर होगा, जबकि आयात बिल बढ़ने से इकनॉमी पर भी दबाव बढ़ेगा। एक तरफ तो गैस की खपत तेजी से बढ़ती जा रही है और कीमतों में भी उतनी ही तेजी से बढ़ोतरी हो रही। दूसरी ओर, देश में प्राकृतिक गैस का उत्पादन करीब 9 करोड़ मीट्रिक मानक क्यूबिक मीटर प्रतिदिन, जबकि खपत प्रतिदिन 19 करोड़ मीट्रिक मानक क्यूबिक मीटर प्रतिदिन पहुंच गई है। भारत के पास इस चुनौती का घरेलू स्तर पर हल निकालने का अभी कोई रास्ता नहीं है। एकमात्र उपाय आयात के जरिये इस सप्लाई को पूरा करने का ही है।

# उत्तर प्रदेश बन रहा मैन्युफैक्चरिंग हब, बांग्लादेश से शिफ्ट हो रहा कपड़ा व्यापार

### फॉक्सकॉन यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे लगाना चाहती है सबसे बड़ी फैक्ट्री

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।**



यूपी मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है। नोएडा में फैक्टरियां खुल रही हैं। बांग्लादेश का कपड़ा व्यापार यूपी शिफ्ट हो रहा है। ऐपल के लिए आईफोन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी फॉक्सकॉन ने भी उत्तर भारत में अपना पहला प्लांट लगाने के लिए यूपी का चयन किया है। कंपनी ग्रेटर नोएडा में बड़ा प्लांट लगाना चाहती है। यह प?लांट यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे 300 एकड़ जमीन पर बनाने की योजना है। बेंगलुरु फैक्टरी फॉक्सकॉन की दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी फैक्टरी है। फॉक्सकॉन इस समय तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना में काम कर रही है। नोएडा का क्लस्टर आज चेन्नई की तरह बढ़ता हुआ मैन्युफैक्चरिंग हब बनता जा रहा है, जहां मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, स्थानीय प्रतिभा और कई सप्लायर्स की मौजूदगी है। इस वजह से ही फॉक्सकॉन की इस पर नजर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केंद्र सरकार ने पिछले साल इंडस्ट्रियल पार्क के लिए 300 एकड़ जमीन देने का प्रस्ताव दिया था। अभी यह बातचीत शुरुआती दौर में है और किसी खास उत्पाद या ग्राहक को लेकर कोई योजना नहीं बनाई गई है।

एचसीएल-फॉक्सकॉन ने हाल ही में ग्रेटर नोएडा में 50 एकड़ भूमि एक आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट यूनिट लगाने के लिए ली थी। फॉक्सकॉन इस 50 एकड़ के टुकड़े के साथ वाली जमीन ही अपनी ग्रेटर नोएडा प्लांट के लिए लेना चाहता है। इस पूरी परियोजना को लेकर फॉक्सकॉन ने अभी कोई जानकारी नहीं दी है। फॉक्सकॉन जिस जगह अपना प्लांट लगाना चाहती है, वह यमुना एक्सप्रेसवे के साथ लगती है. यह एक्सप्रेसवे ग्रेटर नोएडा को आगरा और जेवर एयरपोर्ट से जोड़ता है। यह इलाका यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधीन आता है। फॉक्सकॉन की भारत में मौजूदगी बढ़ रही है। कंपनी भारत में 25-30 मिलियन आईफोन का निर्माण करने की योजना पर काम कर रही है, जो कि पिछले साल की तुलना में दोगुना है। सिर्फ स्मार्टफोन नहीं, कंपनी अब आईसीटी, इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्जा और डिजिटल हेल्थ जैसे सेक्टर्स का भी विस्तार करना चाहती है।

# असम में अदाणी समूह कर सकता है 50,000 करोड़ का निवेश



**गुवाहाटी (ईएमएस)।**


असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अदाणी समूह के निदेशक जीत अदाणी के साथ बैठक करके राज्य के लिए 50,000 करोड़ रुपये की निवेश योजना को आगे बढ़ाने का ऐलान किया है। उन्होंने इस निवेश से उम्मीद की किरणें जागृत की हैं क्योंकि इससे असम के आर्थिक विकास में तेजी और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। चेयरमैन गौतम अदाणी ने भारत के विकास को प्रोत्साहित करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका को साझा करते हुए घोषणा की कि समूह राज्य के निवेश के माध्यम से उसकी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाएगा। इस निवेश से न केवल असम का बल बढ़ेगा, बल्कि यह देश के आर्थिक परिदृश्य के एक मुख्य हिस्से के रूप में भारत को मजबूती मिलेगी। दाणी समूह के उद्घाटन समारोह के दौरान गौतम अदाणी ने कहा कि एसोसिएटेड ब्रांड्स के साथ किए गए समझौतों के माध्यम से भारत के उत्कृष्ट विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसके साथ ही, असम जैसे राज्यों को भी विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए ऐसे निवेशों की आवश्यकता है। राज्य को आर्थिक मंदी के मामले से बाहर लेकर सशक्त और समृद्ध भविष्य की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाएगा। असम के उज्जवल भविष्य की ओर इस निवेश से किये जाने वाले प्रयास हमें संबोधित करते हैं कि भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए उन्होंने लगातार कदम बढ़ाने का संकल्प लिया है।

# भारत सरकार ने पारगमन सुविधा की रद्द

### धूल फांक रहे अमेरिका-यूरोप जा रहे कपड़ों से भरे ट्रक

**नई दिल्ली (ईएमएस)।**

भारत न सिर्फ बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, बल्कि वह बांग्लादेश के व्यापार को फलने-फूलने के लिए अपनी सीमा का उपयोग भी करने देता है। इसकी मदद से बांग्लादेश का व्यापार तेजी से बढ़ भी रहा था, लेकिन तभी बिना किसी बात के भारत से बैर मोल ले लिया। जिससे बांग्लादेश की हजारों करोड़ की कमाई पर ताला लग गया। बांग्लादेश से कपड़े सहित तमाम उत्पादों का अमेरिका और यूरोप के बाजारों में निर्यात भारत की सरजमीं से ही होता था लेकिन पड़ोसी देश की लगातार जहरीली बोली से तंग आकर इस व्यापार के लिए भारत ने अपनी सीमा बंद कर दी। इसका सीधा असर बांग्लादेश के कपड़ा सहित अन्य उत्पादों के हजारों करोड़ के निर्यात पर पड़ा है। आलम ये है कि अमेरिका-यूरोप जा रहे कपड़ों से भरे 20 ट्रक भारतीय सीमा पर खड़े धूल फांक रहे हैं। मामले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित पेट्रापोल भूमि बंदरगाह पर भारत के रास्ते बांग्लादेश से भेजा जाने वाला पारगमन माल वित्तवर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान 46 फीसदी बढ़ गया। अब भारत सरकार के पारगमन सुविधा रद्द किए जाने के बाद बांग्लादेश का पारगमन माल से लदा कोई भी ट्रक 9 अप्रैल से पेट्रापोल सीमा से नहीं आया है। पेट्रापोल क्लियरिंग एजेंट्स स्टाफ वेल्फेयर एसोसिएशन (पीसीएएसडब्ल्यूए) के मुताबिक, वित्तवर्ष 2023-24 में 2,357.27 करोड़ रुपये मूल्य की 4,733 खेप ले जाने वाले 3,473 ट्रक पेट्रापोल के रास्ते बांग्लादेश से भारतीय सीमा में पहुंचे थे. इसी तरह, वित्तवर्ष 2024-25 में 4,861 ट्रकों ने 3,446.66 करोड़ रुपये मूल्य की 7,772 खेप का परिवहन किया। यह उससे पहले के साल की तुलना में ट्रक आवाजाही में 36 फीसदी और माल के मूल्य में 46 फीसदी उछाल को दर्शाता है। 9 अप्रैल से पहले बांग्लादेश से आए लगभग 50-60 ट्रकों में से 15-20 ट्रक यूरोप और अमेरिका जैसे पश्चिमी बाजारों के लिए तैयार कपड़ों से भरे कंटेनर ले जा रहे थे।



# बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने खुदरा ऋण दर 0.25 प्रतिशत घटाई

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने खुदरा ऋण दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोमवार को बयान में कहा कि बैंक की रेपो से जुड़ी ऋण दर (आरएलएलआर) अब 9.05 प्रतिशत से घटाकर 8.80 प्रतिशत कर दी गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दरों में बुधवार को 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी, ताकि अमेरिका के जवाबी शुल्क के खतरे का सामना कर रही वृद्धि को समर्थन दिया जा सके। बैंक ने कहा कि घटी हुई दरें ऋण को और अधिक किफायती बना देंगी तथा ग्राहकों के वित्तीय लाभ को बढ़ाएंगी। बैंक ने कहा कि चूंकि बैंक द्वारा पेश किए जाने वाले सभी खुदरा ऋण आरएलएलआर से जुड़े हैं इसलिए इस कटौती से गृह, कार, शिक्षा, सोना और अन्य सभी खुदरा ऋण उत्पादों का लाभ उठाने वाले ग्राहकों को फायदा होगा। इस बीच सार्वजनिक क्षेत्र के एक अन्य ऋणदाता इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने भी रेपो दर में कटौती के अनुरूप अपनी प्रमुख ऋण दर को 6.25 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया है।

## इंदौर बाजार भाव

इन्दौर (ईएमएस)। सोमवार को पूछपरख सामान्य रहने से खाद्य तेलों में नरमी रही। तिलहनों में टिकाव रहा। किराना जिंसों में हरि इलायची बाजार मजबूती पर रहे। शक्कर में मजबूती देखी गई। दलहनों में व्यापार सामान्य ही रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। जिससे बाजार सुस्त नज़र आये। तिलहनों में सोयाबीन व सरसो में टिकाव रहा। उधर, किराना बाजार में लग्नसरा की माँग से शक्कर में मजबूती आयी। हरि इलायची में माल की अक्षत देखी गयी। दलहनी जिंसों में व्यापार सामान्य ही रहा। भाव इस प्रकार रहे :-

### किराना

शक्कर 4120-4200, खोपरा गोला 195-240, खोपरा बूरा 3800-5800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 258-265, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 250-255, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 95-130, बेस्ट 240-285, एस्ट्रा बेस्ट 300-320, सौंफ बारि?क 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 740-750, गरबल 715-720, मटरदाना 770-795, खसखस अनक्लीन 825-875, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 750-780, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1775, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3300, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1600-1750, बेस्ट 1850-1950, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 950-1000, काजू (320) 825-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-820, जे.एच. 850-870, टुकड़ी 800-840, बादाम मगज 910-915, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2650-2750, (160) 3000-3100, (200) 3200-3300, (250) 3200-3300

### खली

रात की धारणा :-गुजरात लुज 1350, मुम्बई पाम 1230, मुम्बई सोया 1385,
खली:-कपास्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2225, देवास-उज्जैन 2225, खंडवा-बुरहानपुर 2200, अकोला 3050 (प्रतिक्विंटल)

### तेल

सींगदाना 1350-1370, मुम्बई 1380, राजकोट तेलिया 2170, सोया साल्वेंट 1205-1210, सोया रिफाइंड 1270-1275, कपास्या 1250, धूलिया 1255, कड़ी 1260,

### दलहन

चना कांटेवाला बेस्ट 6200-6250, एवरेज 6100-6150, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6150-6175, एवरेज 6100-6150, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6900-7000, एवरेज 6500-6700, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 7100-7400, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500,

### अनाज

गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

## राशिफल

**शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि दोइज मंगलवासरे, विशाखा नक्षत्रे, सिद्ध योगे, गर करणे, तुला की चंद्रमा, भद्रा, त्रिपुस्कर योग 6/43 व्यापार, शस्त्र निर्वाण मुर्हूत, उग्रकर्म मुर्हूत तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी**

**मेष** – कार्यकुशलता एवं समृद्धि के योग फलप्रद हों तथा रुके कार्य अवश्य बनेंगे।

**वृष** – कार्य तत्परता से लाभ एवं इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे तथा कार्यों में ध्यान अवश्य दें।

**मिथुन** – व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि, कार्यकुशलता से संतोष होगा, बिग? कार्य बनेंगे।

**कर्क** – सोच-समझकर शक्ति लगायें अन्यथा कुछ विभ्रम-विकार, क्लेश, मन परेशान रहेगा।

**सिंह** – समय अनुकूल नहीं, विशेष कार्य स्थगित रखें, लेनदेन में हानि होगी, ध्यान दें।

**कन्या** – मानसिक विभ्रम, किसी आरोप में फंस सकते हैं, सतर्कता से कार्य बना लें।

**तुला** – तुला राशि :- भाग्य का सितारा प्रबल हो, बिग? कार्य बनेंगे तथा कार्य-संतोष अवश्य ही होगा।

**वृश्चिक** – कार्य-कुशलता से संतोष, योजनायें फलीभूत होंगी तथा व्यावसाय में ध्यान दें।

**धनु** – सफलता के साधन जुटायें, धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

**मकर** – आरोप क्लेश, असमंजस, धन का लाभ एवं सफलता का हर्ष अवश्य होगा।

**कुंभ** – इष्ट मित्र सुखवर्धक हो, स्त्री शरीर कष्ट तथा मित्र चिन्ता दुःख होगा।

**मीन** – इष्ट-मित्र सहायक रहें, दैनिक कार्यगति में अनुकूलता के योग बनेंगे।

## सूडोकु नवताल- 7122

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**15 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.40 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृष | 07.20 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.18 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.31 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 13.48 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.59 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.10 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.25 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.41 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मकर | 00.46 बजे से |
| | | कुंभ | 02.33 बजे से |
| | | मीन | 04.05 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 105 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 10.56 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 03.11 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सिद्धि (असृक) 23.33 बजे को समाप्त। **करण** गर 10.56 बजे तदनन्तर वणिज 00.08 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 47' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872315 **जूलियन दिन** 2460780.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 16 **विशेष** पहेला वैशाख।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8337




**बाएँ से दाएँ**

1. घूमना-फिरना-4
4. पक्षियों का शोर-4
7. धोखाधड़ी, मक्कारी-5
9. भस्म, खाक -2
11. आज्ञापालक, कर्मचारी-2
12. मगन, लीन-2
13. नेत्रावरण-3
15. त्याग, दक्षिणा-2
16. जीभ, जिव्हा-3
17. मक्खन-3
18. पेड़ का मध्य व मोट भाग-2
19. गर्भ-3
21. निवास, रहना-2
23. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. पानी, नीर-2
25. इच्छा पूर्ति करना-5
29. एक मुस्लिम महीना-4
30. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनबन, झगड़ा-4
2. भालू-2
3. परिणाम-2
4. प्याला-2
5. बालों का गुच्छा-2
6. वर, इच्छापूर्ति-4
8. नीरज, जलज-3
10. भयानक-5
11. दयालु-5
13. आश्रय, शरण-3
14. करिश्मा, करतब-3
18. तहखाना-4
20. मगरमच्छ-3
22. शलवार, पायजामा-4
25. आनंद-2
26. झुका हुआ-2
27. पत्र, चिट्ठी-2
28. नासिका, घ्राणेंद्रिय-2

### शब्द पहेली -8336 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

### नाइटहुड से सम्मानित होने वाले 13 वें क्रिकेटर हैं एंडरसन

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स एंडरसन को खेल के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए देश के सबसे बड़े सम्मान नाइटहुड से सम्मानित किया गया है। एंडरसन इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एंडरसन ने अपने करियर में कुल 188 टेस्ट मैच खेले हैं। ये किसी तेज गेंदबाज द्वारा खेले गए टेस्ट मैचों की सबसे ज्यादा संख्या है। एंडरसन 13वें क्रिकेटर हैं जो खेल में योगदान देने के लिए नाइटहुड उपाधि से सम्मानित हुए हैं।

### एआईएफएफ ने एशियाई कप 2031 के लिए बोली लगायी

नई दिल्ली (ईएमएस)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एएफसी एशियाई कप 2031 की मेजबानी के लिए बोली लगायी है। भारत सहित टूर्नामेंट के सात देशों ने इस टूर्नामेंट के लिए बोली लगायी है। इसमें एक संयुक्त बोली भी है। कुआलालंपुर में एएफसी कार्यकारी समिति की बैठक में एएफसी अध्यक्ष शेख सलमान बिन इब्राहिम ने कहा है कि 27 नवंबर 2024 को सदस्य संघों को भेजे गए निमंत्रण के बाद एक संयुक्त बोली सहित 7 बोलियां मिली हैं।

# पंजाब किंग्स का मुकाबला आज टीम केकेआर से होगा

## » शाम 7:30 बजे से शुरू होगा मैच

मुल्लांपुर (ईएमएस)।

पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब किंग्स का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। उसे इस मैच में अपने घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। पिछले मैच में टीम ने कप्तान श्रेयस अय्यर के 82 रनों की सहायता से 245 रन बनाये थे। इसके बाद भी टीम अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पायी थी। ऐसे में साफ है कि उसके गेंदबाजों को अब बेहतर प्रदर्शन करना होगा। मोहली के इस मैदान को बल्लेबाजी विकेट माना जाता है।



यहां अधिकतर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 से अधिक रन बनाने में सफल रही है। ऐसे में पंजाब के टीम को यहां बेहतर रणनीति से उतरना होगा। पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का मनोबल भी पिछले मैच के बाद कमजोर हुआ है। उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल की गेंदों पर पिछले मैच में जमकर रन बने थे। ऐसे में इन्हें बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में ही 96 रन दिये थे। इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर संशय में होगी। पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार कराती है तो भी पक्का नहीं है कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नरेन, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। पंजाब की गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट भी अब तक अच्छा नहीं रहा है। उसके स्पिनर यजुवेन्द्र चहल ने 5 मैचों में प्रति ओवर 11.13 रन दिए हैं और केवल दो विकेट लिए हैं। पंजाब अगर धीमा विकेट तैयार करवाता है तो उसका यह प्रयोग भी नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि नाइट राइडर्स के पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण जैसे अच्छे स्पिनर है जो अनुकूल हालातों का पूरा लभ उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर नाइट राइडर्स एक ऐसी टीम है जो सपाट और धीमे विकेट दोनों पर प्रभावी है। उसने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान पर ही हराया था। जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। । पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी कप्तान अय्यर के अलावा प्रियांश आर्य ओर नेहल वढेरा व प्रभसिमरन सिंह और फिनिशर शशांक सिंह पर निर्भर है। उसे दो खिलाड़ियों ऑलाउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस कमजोर फार्म से नुकसान हुआ है। अब वह इनसे बेहतर प्रदर्शन चाहेगी। केकेआर की बात करें तो उसकी बल्लेबाज नरेन के अलावा क्विंटन डी कॉक, कप्तान आजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर व मनीष पांडे जैसे बल्लेबाजों पर अधारित रहेगी जबकि गेंदबाज की कमान हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती के पास रहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

पंजाब किंग्स - श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

कोलकाता नाइट राइडर्स - अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉकिया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

## अफ़ग़ान महिला क्रिकेटरों की सहायता के लिए विशेष टास्क फोर्स बनाएगी आईसीसी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अब अफ़ग़ानिस्तान की विस्थापित महिला क्रिकेट क्रिकेटरों की सहायता के लिए आगे आई है। आईसीसी ने इन महिला क्रिकेटरों की सहायता और उनके विकास के लिए एक विशेष टास्क फोर्स बनाने की बात कही है। आईसीसी की इस पहल से इन महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इससे उनके खेल और व्यक्तिगत विकास में सहायता मिलेगी। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने सोशल मीडिया ये ये जानकारी दी है। शा ने कहा, ÷मुझे आईसीसी की ओर से यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने बीसीसीआई, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के साथ मिलकर एक अहम फैसला लिया है। इसके तहत ही हम अफ़ग़ान महिला क्रिकेटरों को उनके क्रिकेट और विकास की यात्रा में सहायता देंगे।÷

आईसीसी के अनुसार यह टास्क फोर्स इस महिला क्रिकेटरों को न केवल आर्थिक सहायता देगी, बल्कि खिलाड़ियों को कोचिंग, प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ ही मार्गदर्शन भी उपलब्ध करायेगी। इसके लिए आईसीसी एक विशेष कोष बनाएगा। ये सीधे तौर पर इन खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा, जिससे ये विस्थापित महिला क्रिकेट अपना खेल जारी रख सकें।

# रोहित का लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक : संजय मांजरेकर

अहमदाबाद (ईएमएस)।

पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि आगामी भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक हैं। भारतीय टीम आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे पर भी जाना है उसको देखते हुए रोहित का फार्म हासिल करना जरुरी है। मांजरेकर ने कहा कि टेस्ट ओर टी20 प्रारुप अलग होता है पर इसके बाद भी रन बनने से खिलाड़ी की लय बनी रहती है और उसका मनोबला बढ़ा हुआ रहता है।



मांजरकेर ने कहा कि रोहित आईपीएल में भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं। इससे साफ है कि अब हालात उनके नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं। ऐसे में अब उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी ताकत लगाकर प्रयास करना होगा। हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा तभी वह लय हासिल कर सकते हैं। वह आईपीएल के मैचों में सहज नहीं दिखे। मांजरेकर ने कहा, 'रोहित शर्मा एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जिससे साफ है कि वह पहले वाले रोहित नहीं रहे। अब वह अपने करियर के उस जगह पर हैं जहां उन्हें हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा। कड़ी ट्रेनिंग करनी होगी और फिटनेस के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना होगा तभी वह कुछ कर पायें। वह अब भी अपनी नैसर्गिक प्रतिभा पर भरोसा कर रहे हैं जबकि अब वह नहीं रही।

वहीं पिछले दो मैच में रोहित की टीम मुम्बई के प्रदर्शन का आंकलन करते हुए मांजरेकर ने कहा, ' इस टीम से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी रेयान रिकेल्टन को भारतीय पिचों पर ढलने में समय लगेगा। साथ ही कहा कि एबी डिविलियर्स और हेनरिक क्लासेन को छोड़कर बहुत कम दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने भारतीय पिचों पर सफलता हासिल की है इसलिए हमें उन्हें समय देना होगा। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव, रोबिन मिंज और कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ मिलकर बल्लेबाजी क्रम बनाते हैं। हालांकि मुझे लगता है कि यह अब भी पूरी तरह से विश्वसनीय नहीं है और उनमें से बहुत से खिलाड़ी ऐसी पिचों पर निर्भर करते हैं जहां गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है। ऐसे में इन खिलाड़ियों को परेशानी आ सकती है।

## कोहली डिहाइड्रेशन से परेशान हुए

**जयपुर (ईएमएस)।** आईपीएल में यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली तेज गरमी के कारण परेशान दिखे। इस कारण बीच में मैच भी रोकना पड़ा। मैच में अचानक ही विराट ने राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन से धड़कन देखने को कहा। सैमसन इसके बाद विराट के पास पहुंचे। इसी बीच मेडिकल टीम भी मैदान पर आ गयी। ये टीम विराट के पास पहुंची और उनकी जांच की। इसमें पाया गया कि वह पानी की कमी से बेचैन हुए हैं। वहीं कमेंटेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि दोपहर की तपती गर्मी के कारण कोहली डिहाइड्रेशन का शिकार हो गए थे। उन्हें जल्दी हाइड्रेट किया गया, जिसके बाद वह फिर से खेलने लगे। उन्होंने खेल फिर से शुरू किया। विराट ने इस मैच में अर्धशतक लगाते ही एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी20 में 100 अर्धशतक लगाने वाले पहले एशियाई बल्लेबाज बन गए हैं।

# गेंद बदलने के नियम का लाभ मुम्बई को मिला

नई दिल्ली (ईएमएस)।

आईपीएल के इस सत्र में गेंद बदलने के नये नियम का लाभ मुम्बई इंडियंस को मिला है। नये नियम के तहत अब शाम के मैच में जो टीम दूसरी पारी में गेंदबाजी कर रही होती है, वह 11वें ओवर के बाद कभी भी गीली गेंद बदल सकती है जिससे ओस के कारण होने वाले गीलेपन से बचा जा सके। इस नियम से गेंदबाजों को लाभ हो रहा है। विशेष रुप से उस टीम को जो स्कोर का बचाव करती है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में इस नियम का प्रभाव भी दिखा है। इस मैच में जैसे ही जसप्रीत बुमराह ने अक्षर पटेल का विकेट लिया। टीम ने गेंद बदलने का फैसला किया।

गेंद बदलने के बाद स्पिनर कर्ण शर्मा और मिशेल सैंटनर की गेंदों को पिच से उछाल और टर्न मिलने लगा। इससे बल्लेबाज़ों के लिए बड़े शॉट खेलना कठिन हो गया। कर्ण ने पहले स्टब्स को और फिर केएल राहुल को अपना शिकार बनाया इन विकेटों के बाद दिल्ली कैपिटल्स की परेशनली बढ़ गयी और उसके बल्लेबाज के के बाद एक पेवेलियन लौटने लगे। मुम्बई ने सैंटनर को 18वां ओवर दिया। शुरुआत में दिल्ली के विपराज निगम ने दो चौके लगाये पर इसके बाद अगल गेंद सैंटनर ने धीमी फेंकी जिसपर निगम स्टंप हो गए। इसके बाद, बुमराह पर दो चौके जरूर लगे पर इसके बाद बल्लेबाजों के रन आउट होने से मामला बदला गया।

प्लेयर ऑफ द मैच करन शर्मा ने कहा, गेंद बदलना मैच का सबसे अहम मोड़ रहा। पुरानी गेंद गीली हो रही थी जिससे हम उसपर अपना नियंत्रण नहीं रख पा रहे थे पर हमें विकेट लेने थे। जिसमें हमें लाभ हुआ। जब दूसरी गेंद आई, तो उस पर टर्न और उछाल मिला। जिससे राहुल जैसा बड़ा अनुभवी खिलाड़ी भी समझने में असफल रहा।

## दिल्ली कैपिटल्स को दोहरा झटका कप्तान अक्षर पर 12 लाख जुर्माना

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए मैच में दौहरा झटका लगा है। इस मैच में दिल्ली की टीम को जहां मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। आईपीएल की ओर से कहा गया, यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, ये न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़ा हुआ है, इसलिए अक्षर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली कैपिटल्स की इस सत्र में ये पहली हार थी। मुंबई इंडियंस से करीबी मैच हारने के बाद दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में दूसरे



स्थान पर खिसक गयी है। वहीं गुजरात टाइटंस आठ अंक के साथ ही बेहतर नेट रन रेट के कारण उनसे आगे निकल गई है। इस मैच में मुम्बई द्वारा 20 ओवरों में 205 रन बनाने के बाद कैपिटल्स 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करती हुई एक समय अच्छी स्थिति में थी और उसने 2 विकेट पर 135 रन पर थे पर करुण नायर के 89 रन पर आउट होने के बाद टीम की बल्लेबाजी ढ़ह गयी।

## पीएसएल में विंस ने लगाया तीसरा सबसे तेज शतक, इनाम में मिला हेयर ड्रायर

**कराची (ईएमएस)।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में शतक लगाने पर एक खिलाड़ी को इनाम में हेयर ड्रायर मिला है जिससे देखकर सभी हैरान हो गये। कराची के नेशनल स्टेडियम में कराची किंग्स और मुल्तान सुल्तान्स के बीच मैच में अपनी शानदार पारी के लिए बल्लेबाज जेम्स विंस को हेयर ड्रायर मिला है। विंस को मैच के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी के तौर पर ये हेयर ड्रायर इनाम में मिला। इस इनाम को देखकर विंस भी हंसने लगे। विंस ने इस मैच में 43 गेंदों पर ही शतक लगा दिया। इस क्रिकेटर ने 14 चौके और चार छक्के लगाकर 101 रन बनाये। विंस की इस पारी के बल पर कराची किंग्स ने 236 रनों का लक्ष्य छह विकेट पर ही हासिल कर लिया। विंस ने 42 गेंदों पर ही शतक लगाया। ये पीएसएल इतिहास में तीसरा सबसे तेज शतक



है। पीएसएल में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड उस्मान खान के नाम पर हैं, जिन्होंने 2023 के सत्र में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के खिलाफ 36 गेंदों पर ही शतक लगा दिया था। वहीं रिली रोसो इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने उसी सत्र में पेशावर जाल्मी के विरुद्ध 41 गेंदों पर शतक लगाय था। विंस ने इंग्लैंड के लिए अब तक 13 टेस्ट, 25 एकदिवसीय और 17 टी20 मुकाबले खेले हैं।

# नई गेंद बनी दिल्ली की हार का कारण : नवजोत सिंह

नई दिल्ली (ईएमएस)।

आईपीएल में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबले में दिल्ली जीत के करीब पहुंचकर भी हार गयी। इस मैच में मुम्बई ने नई गेंद मंगवाई जिससे मुकाबला पलट गया। पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि मैच में मुम्बई के नई गेंद लेने से करुण आउट हुए जिससे मुम्बई की टीम मैच में वापसी में सफल रही। मैच के 14वें ओवर में गेंद बदली गयी। जिसके बाद करुण नायर 89 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। दिल्ली को जीत के लिए 56 गेंदों में 70 रन चाहिए थे पर करुण के बाद केएल राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान अक्षर पटेल रन नहीं बना पाये। सिद्धू के अलावा वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि गेंद का बदलना दिल्ली के लिए



नुकसानदेह रहा। सहवाग वे कहा,÷ गेंद का बदलना दिल्ली पर भारी पड़ गया। हर बार आपको आशुतोष शर्मा मैच नहीं जिता सकते। आज किसी और का दिन था। गेंद बदलने के बाद ही राहुल, स्टब्स ने अपने विकेट गंवा दिये। इस मैच में मुंबई इंडियंस के इंपैक्ट खिलाड़ी कर्ण शर्मा ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिये। उन्होंने अभिषेक पोरेल 33, ट्रिस्टन स्टब्स 01 और केएल राहुल को 15 रनों पर ही आउट कर दिया।

## आईपीएल : पूरन के नाम हैं सबसे अधिक छक्के

**मुम्बई (ईएमएस)। आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से खेल रहे वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन अपनी अक्रामक बल्लेबाजी से रनों की बरसात किये हुए हैं। पूरन ने अपनी पारियों में जमकर चौके और छक्के भी लगाये हैं। पूरन ने अब तक इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक 31 छक्के लगाये हैं। इसके साथ ही उन्होंने 6 पारियों में ही 349 रन बना दिये हैं। पूरन के सामने ऑरेंज कैप की दौड़ में साई सुदर्शन 329 को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ी काफी पीछे हैं। वहीं पूरन ने इस सीजन में 215.43 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।**


# विश्व तीरंदाजी : भारत के धीरज को मिला कांस्य

**ऑबर्नडेल (ईएमएस)।** भारत के धीरज बोम्मदेवरा ने यहां हुई विश्वकप तीरंदाजी के चरण एक के व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में कांस्य पदक जीता है। वहीं इस टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को भी रजत पदक मिला है। इसके अलावा मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मिला था। इस प्रकार भारत को इस टूर्नामेंट में कुल मिलाकर चार पदक मिले हैं। धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में 2-4 से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के मुकाबले में 6-4 से हराया। धीरज को हालांकि सेमीफाइनल में विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी जर्मनी के फ्लोरियन उनरुह से 1-7 से हार का सामना करना पड़ा। धीरज, तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारे थे जिससे भारत को रजत पदक ही मिल पाया था। वहीं इससे पहले भारत को मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्ध में कांस्य पदक मिला था।



## करुण और बुमराह में हुआ विवाद

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच यहां हुए आईपीएल मैच में करुण नायर और जसप्रीत बुमराह के बीच विवाद हो गया। इस मैच में करुण ने 89 रन बनाये। बल्लेबाजी के दौरान करुण ने बूमराह की जमकर पिटाई की और उनके एक ही ओवर में 18 रन बना दिये। इसके बाद बुमराह, करुण पर भड़क गये। ये मामला तब का है जब करुण ने अपना अर्धशतक पूरा किया। उसी दौरान दोनों ही आपस में टकरा गए थे।बुमराह की अंतिम गेंद पर करुण ने दो रन लिए और अर्धशतक लगाया जब वह दूसरा रन लेने के लिए दौड़ रहे थे तो वह





बुमराह से टकरा गए। इससे बुमराह को ड्रिंक्स के दौरान करुण से कुछ कहते देखा गया। बुमराह उनसे कह रहे थे कि जिस जगह तुम दौड़कर आए थे तो वो मेरी जगह थी। करुण भी भी इसपर जवाब दे दिया। इसके बाद मुम्बई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने आकर दोनों को अलग अलग रहने को कहा और मामला शांत कराया। करुण ने इसी ओवर में बुमराह के खिलाफ 18 रन बनाये थे।

# ऋतुराज की जगह आयुष को शामिल करेंगी सीएसके, पृथ्वी की वापसी का सपना टूटा

चेन्नई (ईएमएस)।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम कप्तान ऋतुराज गायकवाड के चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद उनकी जगह पर मुंबई के उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को शामिल करेगी। सीएसके के इस कदम से खराब दौर से गुजर रहे पृथ्वी शॉ को करारा लगा है।

वहीं इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान के श्रीकांत ने कहा था कि सीएसके को ऋतुराज की जगह पर पृथ्वी को शामिल करना चाहिये पर इस बल्लेबाज के खराब फार्म को देखते हुए सीएसके इसके लिए तैयार नहीं है। जिससे पृथ्वी की आईपीएल में वापसी की उम्मीदें भी समाप्त हो गयी हैं। इसी को देखते हुए. सीएसके इस साल ईरानी कप मैच में मुंबई की ओर से फर्स्टक्लास डेब्यू करने वाले आयुष को शामिल करने की दिशा में काम कर रही है। सीएसके



प्रबंधन की ओर से कहा गया, आयुष कुछ दिनों में टीम से जुड़ेंगे। इस रिपोर्ट में कहा गया, उन्हें तुरंत फ्रेंचाइजी में शामिल होने के लिए कहा गया है पर टीम के साथ जुड़ने में उन्हें कुछ समय लगेगा। आयुष इससे पहले हुई नीलामी में नहीं बिके थे जबकि उनका आधारमूल्या 30 लाख रुपये था।÷ फ्रेंचाइजी ने म्हात्रे को चेन्नई में ट्रायल के लिए बुलाया जिसमें गुजरात के उर्विल पटेल और उत्तर प्रदेश के सलमान नज़र भी शामिल थे। पृथ्वी का नाम भी सामने आया पर प्रबंधन ने गायकवाड़ के विकल्प के रूप में आयुष को शामिल किया।

इस उभरते हुए क्रिकेटर ने पिछले साल घरेलू डेब्यू के बाद से ही नौ फर्स्टक्लास और सात लिस्ट ए मैच खेले हैं। उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट में दो शतक और 50 ओवर के प्रारुप में दो शतक लगाये हैं। अपने अंतिम लिस्ट ए मैच में, म्हात्रे ने सौराष्ट्र के खिलाफ 148 रन बनाए और सात ओवर में 33 रन देकर एक विकेट भी लिया।

## धोनी अब संन्यास लेकर कमेंट्री करें : हेडन

**सिडनी (ईएमएस)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में रहे मैथ्यू हेडन ने कहा है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी को अब संन्यास लेकर कमेंट्री करनी चाहिये। हेडन ने कहा कि धोनी अब अपने करियर के अंतिम चरण में हैं। इसलिए उन्हें वास्तविकता को स्वीकार करना चाहिये। आईपीएल के इस सत्र में धोनी का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है और वह एक भी मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। धोनी बल्लेबाज के लिए निचले क्रम पर भी उतरते हैं। इसके पीछे का कारण कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने ये बताया है कि धोनी का शरीर अब पहले जैसा नहीं है, वहीं हेडन का माना है कि धोनी को संन्यास के बाद कमेंट्री करनी चाहिये। इस पूर्व क्रिकेटर का माना है कि धोनी ने अब लय खो दी है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान धोनी के माता-पिता की मौजूदगी ने उनके संन्यास की अटकलें ते हुई थी पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

## आक्रामक पारी के बाद भी टीम को जीत नहीं दिला पाने से निराश हैं करुण

**नई दिल्ली (ईएसएस)।** बल्लेबाज करुण नायर की आक्रामक पारी के बाद भी दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। इस सत्र में ये दिल्ली की पहली हार है। इससे निराश करुण ने कहा कि अगर रन बनाने के बाद भी टीम नहीं जीतती है तो अच्छी पारी खेलने का भी कोई मतलब नहीं है। करुण ने इस मैच में 12 चौके और 5 छक्के की मदद से 40 गेंद में 89 रनों की पारी खेलकर शानदार वापसी की है। इससे पहले के मैचों में वह कुछ खास नहीं कर पाये थे। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद करुण को आईपीएल में अवसर मिला था। इस बल्लेबाज ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल इतिहास की सबसे अच्छी पारियों में से एक खेली। 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वह इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे। इस दौरान करुण ने जसप्रीत बुमराह तक की गेंदों पर भी जमकर स्ट्रोक खेले। करुण साल 2022 वह पहली बार



आईपीएल में खेल रहे थे। करुण ने कहा, ÷हम मैच जीतने के लिए खेलते हैं, इसलिए मैं निराशा है क्योंकि हम चाहे कितना भी स्कोर करें अगर टीम नहीं जीतती है तो उसका कोई अर्थ नहीं है। मेरे लिए टीम की जीत सबसे अहम है और वही नहीं मिली हालांकि इस मैच से सबक लेकर टीम आगे के मैचों में और अच्छे प्रदर्शन का प्रयास करेगी। मुझे उम्मीद है कि मैं इसी तरह प्रदर्शन करता रहूंगा और हम जीत हासिल करेंगे।÷ करुण ने अभिषेक पोरेल के साथ दूसरे विकेट के लिए 119 रन बनाये हालांकि टीम की हार से उनकी मेहनत बेकार गयी।

### मुख्यमंत्री ने डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर किया नमन

**भोपाल(ईएमएस)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय संविधान के निर्माता, भारत र बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा है कि डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने समता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के मूल्यों से भारत के नवनिर्माण की नींव को मजबूत किया।

# राजनीतिक प्रशासनिक

### एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं के नतीजों का इंतजार !

**भोपाल,ईएमएस।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं के रिजल्ट जारी होने में अभी थोड़ा समय लगेगा। जानकारी के अनुसार, फिलहाल प्रदेशभर में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है, जो जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि इस प्रक्रिया में अभी एक सप्ताह से दस दिन तक का समय लग सकता है। मूल्यांकन पूरा होने के बाद रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू होगी, इसलिए उम्मीद की जा रही है कि नतीजे मई 2025 में घोषित किए जा सकते हैं।



## ▸ मुख्यमंत्री ने जन्मस्थली महू में बाबा साहेब को अर्पित की श्रद्धांजलि, कहा...

# डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सर्वहारा समानता के लिए दिया आरक्षण

**भोपाल,ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सर्वहारा वर्ग की समानता के लिए आरक्षण लागू कराया। उन्होंने संविधान में वो सभी जरूरी प्रावधान जोडने़ का काम किया, जो देश के भविष्य के लिए समस्या बन सकते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने बाबासाहब के योगदान को नकारा। उन्हें लोकसभा चुनाव नहीं जीतने दिया। कांग्रेस इसके लिए क्षमा मांगे। मुख्यमंत्री ने कहा बीती रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबेडकर जी के जन्मस्थान से दिल्ली आने-जाने के लिए ट्रेन की शुरुआत की है। हमारी सरकार ने भी अंबेडकर जी के सिद्धांत अपनाते हुए सर्वहारा वर्ग के लिए कई योजनाएं बनाई हैं।

सीएम संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जन्मस्थली महू पहुंचे हैं। यहां उन्होंने डॉ. अंबेडकर की 134वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने 20वीं शताब्दी में



ऐसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुईं। इन्हीं के आधार पर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है। डॉ. अम्बेडकर के जीवन के योगदान बहुआयामी हैं, उन्हें भारत में भविष्य की चुनौतियों का आभास हो चुका था, यद्यपि उनका जीवन बहुत कठिनाई के साथ बीता, लेकिन वे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वयं के संघर्ष से सीख ली और अपने जैसे दूसरे लोगों की मदद की। बाबा साहेब ने स्वयं की शिक्षा में कोई कसर नहीं रहने दी, इससे यह प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर द्वारा समाज के बंधुत्व और उत्थान के लिए किए गए कार्य भूतो न भविष्यति हैं।

### हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब ने समूचे समाज को आरक्षण जैसी व्यवस्था प्रदान की। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित हर वर्ग को साक्षरता का लाभ मिल रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। भविष्य में जब-जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे। डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक सशक्तिकरण के लिए मजबूत संविधान बनाया और देश को लोकतंत्र दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. अम्बेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में मान्यता दी। महू स्थित भीम जन्मभूमि को तीर्थ के रूप में विकसित करने में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा और शिवराज सिंह चौहान का योगदान महत्वपूर्ण है।

### डॉ. अंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भीम जन्मस्थली महू में धर्मशाला निर्माण के लिए 3.5 तीन एकड़ जमीन दी जा रही है। इससे यहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, सभी आगंतुकों की संपूर्ण सुविधा का प्रबंध राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा। राज्य सरकार ने सर्वहारा वर्ग और प्रदेश के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डॉ. अम्बेडकर कामधेनु योजना शुरू की है। अगर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई व्यक्ति दूध डेयरी खोलेगा, तो उसे हमारी सरकार द्वारा 30 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

केंद्र सरकार की ओर से एक दिन पहले ही भीम जन्मस्थली महू को नई ट्रेन की सौगात मिली है। अब महू शहर सीधा देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ गया है। इस रेलगाड़ी की शुरुआत का लाभ कोटा के साथ-साथ मालवा क्षेत्र के इंदौर, उज्जैन और देवास को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लंदन में भी डॉ. अम्बेडकर का भव्य स्मारक बना है, इसी स्थान पर उन्होंने शिक्षा प्राप्त की थी। यह एक आवासीय क्षेत्र है। अंग्रेजों ने स्मारक बनाने का काफी विरोध किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से वहां भी तीर्थ का निर्माण हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर को उसका अधिकार वापस दिया है। बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर ने भी धारा 370 को स्वीकार नहीं किया था।

## ▸ 17 जिलों में उपार्जन केंद्र पड़े सूने, खरीदी शून्य

# सरकार को गेंहू बेचना नहीं चाहते किसान

**भोपाल,ईएमएस।**

अधिकतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकार ने इस साल गेहूं खरीदी के लिए 2425 रूपए प्रति क्विंटल का भाव तय किया है, साथ ही 175 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस भी दिया जा रहा है। इस प्रकार कुल 2600 रूपए प्रति क्विंटल का मूल्य किसानों को एमएसपी पर मिलेगा। हालांकि, वर्तमान में खुले बाजार में गेहूं का भाव 2,800 रूपए प्रति क्विंटल तक मिल रहा है, जिसके चलते किसान एमएसपी पर गेहूं बेचने के प्रति कम रुचि दिखा रहे हैं। आलम यह है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने के 27 दिन बाद स्थिति यह है कि प्रदेश के 17 जिलों में उपार्जन केंद्र सूने पड़े हुए हैं। वहां खरीदी शून्य है।

गौरतलब है कि मप्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदने के लिए 3,528 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। प्रदेश के 15 लाख 33 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। वहीं उपार्जन की अवधि 15 मार्च से 5 मई तक निर्धारित है। लेकिन इस बार किसान सरकार को गेंहू बेचने की बजाय व्यापारियों को बेच रहे हैं। प्रदेश स्तरीय समीक्षा में सामने आया कि 15 मार्च से 8 अप्रैल के बीच प्रदेश की मंडियों में 21.35 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी व्यापारियों ने की है। जबकि इसी दौरान 22.47 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन केंद्रों में बिका। यानी लगभग आधे किसान मंडियों में गेहूं बेचने को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसकी वजह समर्थन मूल्य लगभग ही बाजार भाव होना है।



### बाजार भाव बना कारण

किसानों की कम दिलचस्पी के पीछे प्रमुख कारण बाजार में मिल रहे ऊंचे दाम हैं। खुले बाजार में किसानों को 2,800 रुपये प्रति क्विंटल तक गेहूं का भाव मिल रहा है, जो कि एमएसपी से अधिक है। इसी कारण किसान पंजीयन के प्रति उत्साहित नहीं हो रहे हैं। प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू हुए 27 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी 17 जिलों में सरकारी उपार्जन केंद्रों में एक दाना गेहूं भी नहीं पहुंचा है। वहीं दूसरी ओर बाजार दर पर बिक्री के लिए प्रदेश की मंडियों में गेहूं की आवक जोरों पर है।

### मंडियों में उमड़ रही भीड़

प्रदेश में गेंहू बेचने के लिए किसान उपार्जन केंद्रों की बजाय मंडियों का रूख कर रहे हैं। प्रदेश के सभी संभागों की समीक्षा के दौरान जो आंकड़े सामने आए हैं उसके अनुसार मंडियों में भीड़ उमड़ रही है। वहीं प्रदेश के 17 जिलों में एमएसपी पर खरीदी शून्य रही है। प्रदेश के बड़वानी, बुरहानपुर, कटनी, जबलपुर, डिंडोरी, पाढुर्णा, बालाघाट, मुरैना, मऊगंज, मैहर, सिंगरौली, सीधी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में अभी तक एक भी क्विंटल गेहूं समर्थन मूल्य (2600 रुपए प्रति क्विंटल) पर नहीं हुई है। रीवा संभाग के सिर्फ दो जिलों में उपार्जन केन्द्रों में गेहूं खरीदी की शुरुआत हो सकी है। रीवा में 170 मीट्रिक टन और सतना में 7,269 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी समर्थन मूल्य पर हुई है।

### किसानों से हो रही अवैध वसूली

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू होने के साथ ही खरीदी केंद्रों पर हंगामे और प्रदर्शन का दौर भी शुरू हो गया है। रतलाम में अलग-अलग केंद्रों पर हंगामे और विवाद की तस्वीरें सामने आई हैं। कहीं, किसानों की फसल गुणवत्ता से कम होने या राजस्व अधिकारियों द्वारा वेरीफाई नहीं किए जाने से नहीं खरीदी जा रही हैं तो कहीं किसानों से गेहूं अनलोड किए जाने के लिए रुपए मांगे जा रहे हैं। इटावा माताजी स्थित खरीदी केंद्र पर नायन गांव के किसान सुमेर सिंह से पिकअप वाहन में भरे गेहूं खाली करवाने के नाम पर 700 रुपए की मांग का आरोप लगाया है। इसके बाद किसानों ने गेहूं खरीदी केंद्र पर हंगामा कर दिया। समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र के प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि किसानों से हम्माली के रुपए नहीं लेने का नियम है।

# यूपी-बिहार जाने वाली ट्रेनों में जगह नहीं

**भोपाल,ईएमएस।** शादी-विवाह का मौसम नजदीक आते ही ट्रेनों में भीड़ अचानक बढ़ गई है। भोपाल से उत्तर भारत के प्रमुख शहरों जैसे दिल्ली, लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, पटना आदि के लिए चलने वाली अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट लगातार लंबी होती जा रही है। कई ट्रेनों में तो अब कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है और रिग्रेट की स्थिति बन चुकी है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, भोपाल से प्रतिदिन चलने वाली संपर्क क्रांति, शान-ए-भोपाल, राजधानी एक्सप्रेस, कुशीनगर, पंजाब मेल, और गोंडवाना एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों में अगले 10 दिनों तक वेटिंग चल रही है। वहीं कुछ ट्रेनें जैसे भोपाल-गोरखपुर जाने वाली कुछ ट्रेन अस्थायी रूप से रद्द कर दिया गया है, जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है।

**अधिकांश ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मुश्किल, ऑनलाइन बुकिंग साइट्स पर सर्वर स्लो**

### कन्फर्म टिकट मिलना हुआ मुश्किल

भोपाल से उत्तर भारत की ओर यात्रा करने वाले लोगों को आगामी 10 से 15 दिनों में कन्फर्म टिकट मिलना लगभग असंभव होता जा रहा है। मई के पहले और दूसरे सप्ताह में शादी समारोह, पारिवारिक आयोजन और छुट्टियों के चलते ट्रेनों पर भारी दबाव है। इससे न केवल काउंटर बुकिंग प्रभावित हुई है, बल्कि ऑनलाइन बुकिंग साइट्स पर भी सर्वर स्लो हो रहे हैं और कई यात्रियों की बुकिंग अधूरी रह जा रही है।

## इंदौर में अब 27 अप्रैल को आईटी सेक्टर की इन्वेस्टर्स समिट...

# आई टी कॉन्क्लेव के पहले हैदराबाद में रोड शो करेंगे सीएम

### कॉन्क्लेव के दौरान नई आईटी-पॉलिसी का ऐलान करेगी सरकार

**भोपाल,ईएमएस।**

इंदौर में 27 अप्रैल को होने वाले एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 के नाम से आई टी कॉन्क्लेव होने जा रहा है। जिस तरह फरवरी माह में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले मध्य प्रदेश के कई सम्भागो में रीजनल इन्वेस्टर्स समिट और देश के दूसरे राज्यो में रोड शो किये थे। अब उसी तरह आईटी कॉन्क्लेव के पहले मुख्यमंत्री सहित सचिव और सम्बन्धित विभागों के अधिकारी रोड शो के लिए हैदराबाद जा रहे है। मोतियों के शहर के नाम से मशहूर हैदराबाद तेलांगना प्रदेश की राजधानी होने के अलावा आईटी सेक्टर , मेडिकल डिवाइस, फार्मा फूड प्रोसेसिंग का गढ़ है। उच्च स्तरीय सूत्रों के अनुसार इसलिये एमपी सरकार के आला अधिकारी आई टी कॉन्क्लेव के पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव के हैदराबाद के रोड- शो की तैयारियों में जुटे है।



हैदराबाद रोड-शो के दौरान मुख्यमंत्री वहां पर एक निजी होटल में आईटी सेक्टर, मेडिकल डिवाइस, फार्मा सेक्टर और फ़ूड प्रोसेसिंग सम्बन्धित उद्योगों के उद्योगपतियो से मुलाकात कर वन टू वन चर्चा कर उन्हें आईटी कॉन्क्लेव सहित एमपी में इंडस्ट्रीज लगाने मतलब निवेश करने के लिए आमंत्रित करेंगे। अधिकारियों के अनुसार इंदौर में होने जा रहे आईटी कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव आई टी सेक्टर से सम्बंधित नई पॉलिसी की घोषणा करेंगे।

इस आई टी कॉन्क्लेव में 80 से ज्यादा आईटी कम्पनियो के सीईओ या प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिकारियों का दावा है मध्य प्रदेश की नई आई टी पॉलिसी जारी होते ही हेदराबाद, पूना, बैंगलोर की तरह इंदौर भी आई टी सेक्टर का बड़ा हब बन जायगा। इंदौर सहित मध्यप्रदेश के युवाओ को आईटी सेक्टर में रोजगार के लिए दूसरे राज्यों का मुंह नही ताकना पड़ेगा।

## राहत आयुक्त ने आठ विभागाध्यक्षों को चिट्‌ठी लिखकर मांगा हिसाब

# आपदा राहत के नाम पर कितनी राशि खर्च की, कितनी सरेंडर की

**भोपाल,ईएमएस ।** प्रदेश में ओलावृष्टि, बाढ़, अकाल और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति से निपटने के लिए आठ विभागों की खर्च की गई राशि का ब्योरा राहत आयुक्त ने मांगा है। उन्होंने यह जानकारी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और विभागाध्यक्षों से तलब की है। साथ ही यह भी पूछा गया है कि उन्हें आवंटित की गई राशि में से कितनी राशि खर्च नहीं हो सकी और सरेंडर की गई है। राहत आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि हर योजना में खर्च की गई राशि का अलग-अलग विवरण दिया जाए।

राहत आयुक्त द्वारा अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव, नर्मदा घाटी विकास, गृह विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक सेवा प्रबंधन विभाग और सचिव, गृह एवं समन्वयक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को इस संबंध में पत्र लिखा गया है। यह पत्र राहत आयुक्त कार्यालय के संयुक्त संचालक द्वारा जारी किया गया है।

### खर्च-सरेंडर की राशि की जानकारी देना होगा

पत्र में कहा गया है कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि में संबंधित विभागों को राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा कितनी राशि ट्रांसफर की गई, इस राशि में से कितनी राशि का उपयोग कार्यों में किया गया और कितनी राशि सरेंडर की गई, इसकी जानकारी दी जाए।

## ओबीसी आरक्षण को लेकर दिल्ली में हाई लेवल बैठक, महासंघ की दलील...

# सरकार ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण कानून के हिसाब से कर सकती है भर्ती

**भोपाल, ईएमएस।** मध्यप्रदेश में बहुचर्चित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण मामले को लेकर दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में हाई लेवल बैठक हुई है। दिल्ली बैठक में मध्यप्रदेश के एडवोकेट जनरल समेत महाधिवक्ता कार्यालय से कई लोग शामिल हुए। बैठक में ओबीसी के अनहोल्ड पदों पर भर्ती प्रक्रिया के प्रयास को लेकर चर्चा हुई। ओबीसी के होल्ड पदों को भी न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से अनहोल्ड करने को लेकर बातचीत हुई। ओबीसी महासंघ से सुप्रीम कोर्ट के वकील वरुण सिंह और प्रदेश से राघवेंद्र शामिल हुए। बैठक में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के खिलाफ अभिमत को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में आरक्षण की इस लड़ाई में कई ओबीसी युवकों द्वारा आत्महत्या का भी मुद्दा उठा। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट वरुण सिंह ने कहा इस न्यायिक लड़ाई में कई जिंदगी तबाह हुई है। बैठक में कहा गया ओबीसी के 27 प्रतिशत कानून को चैलेंज नहीं किया गया है, सिर्फ भर्ती सर्कुलर चैलेंज होने से कानून बाध्य नहीं होता। ओबीसी महासंघ ने दलील दी कि- सरकार ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण कानून के हिसाब से भर्ती कर सकती है।




## प्रदेश के 50 प्रतिशत गांवों तक सहकारिता के माध्यम से डेयरी गतिविधियों का होगा विस्तार, सीधे किसानों के खातों में जमा होगी राशि

# उद्योगों को भी सहकारिता से चलाने के किए अनुबंध... हर घर बनेगा गोकुल

**भोपाल,ईएमएस।**

सहकारी समितियों के माध्यम से जहां पेट्रोल पम्प, दवाई की दुकान और अन्य गतिविधियां संचालित की जाएगी, वहीं अभी भोपाल में सम्पन्न हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उद्योगों को भी सहकारिता से चलाने के अनुबंध करने की जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी।

गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुए आयोजन में मुख्यमंत्री ने बताया कि अब प्रत्येक गांव में किसानों को अधिक से अधिक संख्या में डेयरी के साथ जोडक़र दूध के विभिन्न उत्पाद निर्मित करवाए जाएंगे। सरकार हर घर गोकुल बनाने की दिशा में काम कर रही है और गोपालन पर अनुदान भी दिया जा रहा है, तो दूध उत्पादन को 9 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य तय किया गया है। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में साढ़े 5 करोड़ लीटर दूध का उत्पादन होता है जो देश के कुल उत्पादन का 9 प्रतिशत है।



प्रदेश में सुशासन का दौर चल रहा है, यह सहकारिता को जीवंत करने का स्वर्णिम अवसर है।

प्रदेश के किसानों के साथ केन्द्र सरकार चट्टान की तरह खड़ी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ मिलकर कम से कम 50 प्रतिशत गांवों तक सहकारिता और डेयरी गतिविधियों का विस्तार करना आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक नीति निर्माण और प्लानिंग भी करना होगी। केन्द्र सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों को दुग्ध उत्पादन का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित करनी होंगी। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन और उसकी प्रोसेसिंग से विभिन्न उत्पाद निर्मित कर किसानों की आय बढ़ाने की ओर एनडीडीवी और राज्य सरकार एक साथ अग्रसर होंगे। यह रास्ता अभी टू-लेन है, जिसे 6 लेन में विस्तारित करना होगा।

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। बहुउद्देशीय समितियों के माध्यम से प्रदेश में भी सहकारिता की गतिविधियों को बढ़ाया जा रहा है। सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए राज्य सरकार ने अनेकों महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। अब सहकारी समितियों से पेट्रोल पंप, दवाई की दुकान व अन्य गतिविधियां संचालित होंगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में फैक्ट्रियों को भी सहकारिता से चलाने के लिए अनुबंध हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि दुग्ध उत्पादन हर घर की आय में वृद्धि का प्रमाणिक स्त्रोत है।

EMS ACADEMY OF JOURNALISM
(AFFILIATED BY BHARTIYA VIDYA BHAVAN, AHMEDABAD)
Become a Media professional
ADMISSION
OPEN FOR PG-DIPLOMA 2025
One Year Diploma Course
1. Journalism & Mass communication
2. Public Relation
3. Digital Media
4. Marketing & Sales management


APPLY NOW
Contact Us:
9302208608,9229226533
www.emsindia.com, Jabalpur express.com
ems_academy@rediffmail.com
यदि आप बनाना चाहते हैं मीडिया की दुनिया में अपनी पहचान तो जुड़िये मध्यप्रदेश की नंबर 1 मीडिया एकेडमी से
Academy premises: Bhopal Teaching mode: Offline
FACILITIES
• Well equipped media lab & TV Studio
• Writing exercise for print and web
• Guidance by Media Professionals
• Practical Training of conducting Interview, Tv Reporting Writing Article, Field reporting etc.
• Regular Field Visits
• Well Qualified Faculty
• Guaranteed Internship and Placement
ADDRESS : 7, COMMERCIAL CHITTOD COMPLEX ZONE 1 M.P. NAGAR, BHOPAL MADHYA PRADESH

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालयः ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेलः **expressnews.advt@gmail.com** (रजि न. **RNI** 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।